17- FEB- BSP- P-1_Layout 1 2/18/2025 12:15 AM Page 1

तापमान

अधिकतम 34.4 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 18 फरवरी 2025




आचार संहिता खत्म होने के बाद अब निगम क्षेत्र में 10 करोड़ से अधिक के काम होंगे




बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

# अयोध्या की तर्ज पर रामसेतु में बनेगा प्रवेश द्वार, पुल पर बनेंगे 14 धार्मिक स्टेच्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगरीय निकाय चुनाव के लिए आचार संहिता खत्म होने के बाद अब निगम क्षेत्र में 10 करोड़ से अधिक के काम होगें। इसमें अधिकांश का टेंडर जारी कर दिया गया है। निगम के मुताबिक जोन एक से लेकर जोन 8 तक में पूरे शहर में सड़क-नाली और पानी की व्यवस्था पर यह राशि खर्च होगी। गौरतलब है कि आचार संहिता से कुछ दिन पहले निगम ने अलग-अलग जोन से 10 करोड़ के करीब 50 कार्यों के लिए टेंडर किया था। बड़े कार्यों में 2.63 करोड़ का रामसेतु और 1.91 करोड़ के मूलभूत सुविधाओं के काम हैं। इनका टेंडर अभी तक नहीं हुआ है।



निगम के मुताबिर आचार संहिता खत्म होने के बाद ही इन कामों का टेंडर जल्द होने की बात कही जा रही है। निगम के मुताबिक जोन सकरी में 29 कार्यों के लिए 5 करोड़ और जोन 3 में 2 काम के लिए 2.20 करोड़ का टेंडर किया गया है। इसके अलावा अन्य जोन में भी छोटे-छोटे 20 से अधिक कामों के लिए लिए करीब 7 करोड़ का टेंडर किया किया गया है। इसी तरह 1.91 करोड़ के सड़क और नाली के काम है, जिसका एस्टीमेट बना लिया गया था, लेकिन इसका भी टेंडर नहीं हो सका है। इसके साथ ही बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पीडब्ल्यूडी, मंडी बोर्ड और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से 9 करोड़ 3 लाख के विभिन्न विकास कार्यों लिए सप्ताह भर पहले मंजूरी मिली है, जिसका अभी टेंडर अभी नहीं किया गया है। इसमें ज्यादातर काम पूल के हैं। कई गांवों में सामुदायिक भवन की भी मंजूरी मिली है। अब इन तमाम कामों की शुरुआत होगी।

### लाइटों से जगमग होगा पुल

15 जनवरी को रामसेतु के सौंदर्यीकरण के लिए राज्य सरकार ने 2 करोड़ 63 लाख 13 हजार की मंजूरी दी थी। अब यहां अयोध्या की तर्ज पर प्रवेश द्वार बनेगा। पिल्लेवार एसोसिएट ने इसका डीपीआर तैयार कर लिया है। आचार संहिता के पहले टेंडर किए जाने की बात हो रही थी, लेकिन इस कार्य के लिए टेंडर जारी नहीं किया जा सका था। रामसेतू में दोनों तरफ प्रवेश द्वार बनाया जाएगा। अमृत मिशन के पाइप में लाइटिंग की जाएगी। 15 के करीब धार्मिक स्टेचू भी बनाएं जाएंगे। पुल की दिवारों पर रामायण और हनुमान चालिसा की चौपाई के श्लोक लिखे जाएंगे। इसके साथ ही पुल के नीचे फसाट लाइटिंग लगेगी।

### इन कामों पर खर्च होगी राशि

निगम ने 1 जनवरी को पार्षद निधि से 4 लाख 75 हजार का खपरगंज में सामुदायिक भवन के लिए टेंडर किया था, जो 16 जनवरी को खुला। इसका काम आचार संहिता में होना था लेकिन अफसर चुनाव में व्यस्त हो गए। जोन क्रमांक 1 में 14 जनवरी को अलग-अलग कार्यों के लिए टेंडर किया गया, जो 30 जनवरी को खुलना था लेकिन आचार संहिता के कारण इस पर असर पड़ा। वहीं जोन क्रमांक 1 में ही अमेरी में अति रिक्त कक्ष निर्माण के 10 जनवरी को टेंडर किया गया था। इसी तरह अलग-अलग जोन के लिए टेंडर किया गया है। अब यह टेंडर आचार संहिता के बाद ही खुलेंगे।

### मिल गई मंजूरी

रामसेतु के सौंदर्यीकरण के लिए राज्य सरकार ने 2 करोड़ 63 लाख 13 हजार की मंजूरी दी है। यहां अयोध्या की तर्ज पर प्रवेश द्वार बनेगा तो लाइटों से पुल जगमग होगा। पिल्लेवार एसोसिएट ने इसका डीपीआर तैयार कर लिया है। जल्द ही टेंडर जारी किया जाएगा। नगरीय निकाय चुनाव के लिए आचार संहिता खत्म होने के बाद अब निगम क्षेत्र में 10 करोड़ से अधिक के काम होगें।

- **अमित कुमार**, आयुक्त नगर निगम

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर कल से

**बिलासपुर।** वैद्यशाला आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म संस्थान नेहरू चौक में 19 फरवरी से 5 दिवसीय वात एवं त्वचा रोग के लिए निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के डाक्टर मनोज चौकसे ने बताया कि इसका समापन 23 फरवरी को होगा। यह शिविर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। शिविर में सभी प्रकार के वातरोग जिसमें गठियावात, लकवा, घुटने का दर्द, सायटिका, सर्वाइकल, गर्दन दर्द, कंधे का दर्द, एडी दर्द, चेहरे का लकवा, कम्पवात आदि सभी रोगों की चिकित्सा परामर्श, औषध पंचकर्म के लिए आयुर्वेद चिकित्सकों एवं विशेष चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया जाएगा। इसमें डा. मनोहर चेकचंदानी, डा. विमल शर्मा, डा. किरण वर्मा, डा. मनोज चौकसे, डा. चंचला तिवारी अपनी सेवाएं देंगी।

### यूजीसी नेट की परीक्षाएं 28 फरवरी से 2 मार्च तक

**बिलासपुर।** सीएसआईआर यूजीसी नेट दिसंबर 2024 की परीक्षाएं 28 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा मैथेमैटिकल साइंसेस, अर्थ-एटमोस्फेयरिक-ओसियन एंड प्लेनेटरी साइंसेस, केमिकल साइंसेस, लाइफ साइंसेस और फिजिकल साइंसेस विषय के लिए होगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए की ओर से सीबीटी मोड में परीक्षा आयोजित की जाएगी। सीएसआईआर यूजीसी नेट तीन कैटेगरी के लिए होगी। इसमें असिस्टेंट प्रोफेसर पात्रता, जूनियर रिसर्च फेलोशिप के साथ यूनिवर्सिटी के पीएचडी प्रोग्राम में भी एडमिशन भी शामिल है। शेड्यूल के अनुसार मैथेमैटिकल साइंसेस व अर्थ-एटमोस्फेयरिक-ओसियन एंड प्लेनेटरी साइंसेस और केमिकल साइंसेस की परीक्षा 28 फरवरी को होगी।

# प्रदेश अध्यक्ष की जवाबदारी मिलेगी तो तैयार हूं : टीएस

**बिलासपुर।** पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का कहना है कि यदि पार्टी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद की उन्हें जवाबदारी देती है तो, वे उसके लिए तैयार हैं। नगरीय निकाय में कांग्रेस की पराजय पर उनका कहना है कि इन चुनावों में स्थानीय परिस्थितियां हावी होती हैं और ज्यादातर चुनाव में उम्मीदवारों का योगदान होता है।

श्री सिंहदेव सोमवार को बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेष पांडेय के निवास पहुंचे थे। इस दौरान पीसीसी अध्यक्ष बनने को लेकर किए गए सवाल पर उन्होंने बेबाकी से जवाब दिया। कांग्रेस पार्टी में बदलाव के प्रश्न पर उनका कहना था कि आल इंडिया कांग्रेस कमेटी स्तर पर पूरे देश में बदलाव चल रहा है। कांग्रेस के पिछले अधिवेशन में यह निर्णय हुआ था कि बदलाव त्वरित होना चाहिए जो अब 2025 में पूरा कर लिया जाएगा। जहां तक प्रदेश संगठन में बदलाव की बात है, यह मुझे तो नहीं लगता, किन्तु मीडिया में चर्चा जरूर है। प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की पराजय को लेकर टीएस का कहना है कि विधानसभा, लोकसभा चुनाव से नगरीय निकाय, पंचायत चुनाव की परिस्थिति अलग होती है। स्थानीय स्तर के चुनाव में वर्तमान सरकार के उपस्थिति के कारण स्थिति अलग हो जाती है। उनका कहना है कि सरगुजा क्षेत्र में नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को सफलता नहीं मिली है। भूपेश बघेल के क्षेत्र में तीन नगरीय निकायों में कांग्रेस को सफलता नहीं मिली। भाजपा के सत्ता में होते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुनकुरी क्षेत्र में भाजपा को सफलता नहीं मिली। श्री सिंहदेव का कहना है कि इन चुनावों में कांग्रेस व भाजपा का नाम जरूर रहता है, किन्तु स्थानीय परिस्थितियां हावी होती हैं और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों का योगदान रहता है। श्री सिंहदेव के नेतृत्व में अगला चुनाव लड़ने संबंधी चरणदास महंत के बयान के बारे में पूछे जाने पर उनका कहना है कि उन्होंने हम सबके नेतृत्व में मिलकर चुनाव लड़ने की बात कही थी। यह तो केन्द्रीय हाईकमान तय करता है कि किसके नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा।



» नगरीय निकाय चुनाव में पराजय के पीछे स्थानीय परिस्थितियां प्रमुख कारण

» पूर्व शहर विधायक शैलेष के निवास पहुंचे सिंहदेव

### विष्णुदेव सरकार को दिए चार अंक

भाजपा के विष्णुदेव साय सरकार के एक वर्ष के कामकाज पूरा होने पर कितने अंक देने के प्रश्न पर श्री सिंहदेव ने विष्णुदेव सरकार को 4 अंक देने की बात कही है। उनका कहना है कि कुछ-कुछ काम हो रहे हैं, जिससे चार अंक दिया जा सकता है, लेकिन नया कोई काम नहीं हो रहा है।

### कार्रवाई को गुटीय नजरीए से न देखें

बिलासपुर में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर लगातार निष्कासन की कार्रवाई के संबंध में पूछे जाने पर श्री सिंहदेव का कहना है कि बिलासपुर ही नहीं सभी जगह कार्रवाई हो रही है। पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ काम करने वालों के पर कार्रवाई करेंगे, तभी तो संगठन है, कार्रवाई नहीं करेंगे तो संगठन कहां रहेगा। एक गुट विशेष के लोगों पर कार्रवाई के प्रश्न पर उनका कहना है कि मैं इसे गुटीय नजर नहीं देखता। यह एक व्यवस्था है कौन किससे जुड़ा यह प्रश्न नहीं है, पार्टी के व्यवस्था को तोड़ने वालों पर कार्रवाई हो।

# कटनी से अचानक डायवर्ट हो गई सारनाथ और बरौनी एक्सप्रेस

**बिलासपुर।** प्रयागराज संगम और प्रयागराज स्टेशन में यात्रियों की भीड़ अधिक होने के कारण रेल प्रशासन ने अचानक सारनाथ और बरौनी की ओर जाने वाली दोनों एक्सप्रेस को कटनी से सतना के बजाय सागर, कानपुर, झांसी से डायवर्ट करने का आदेश जारी कर दिया, जिसके कारण सतना से प्रयागराज तक जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। प्रतिदिन देश के साथ छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से 60 से 70 लाख की संख्या में श्रद्धालु स्नान करने के लिए अपनी गाड़ियों के अलावा बस और ट्रेनों के माध्यम से प्रयागराज तक पहुंच रहे हैं। पूर्व में छत्तीसगढ़ की ओर से जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए दो ट्रेन दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस और गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस का परिचालन किया जा रहा था। इसमें वेटिंग अधिक होने से कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए रेलवे बोर्ड के आदेश पर दपूमरे जोन के बिलासपुर, रायपुर और नागपुर डिवीजन से चार कुंभ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरु किया गया, जो बिलासपुर और उसलापुर स्टेशन से होकर प्रयागराज स्टेशन और बनारस तक एक-एक फेरे के लिए चलाई गई। इन ट्रेनों में भी कुंभ जाने वाले लोगों की संख्या अधिक थी। चार स्पेशल ट्रेनों की घोषणा 25 फरवरी तक ही की गई थी, जिसमें प्रयागराज और बनारस तक जाने के लिए लोगों ने पीआरएस सिस्टम में फिडिंग के साथ ही करना शुरु कर दिया था। वर्तमान में सारनाथ और बरौनी एक्सप्रेस के साथ चारों स्पेशल टेनों में यात्रियों की भीड़ के कारण वेटिंग की स्थिति बन चुकी है। इन ट्रेनों के साथ अब तक प्रयागराज स्टेशन के बजाय दुर्ग से छपरा जाने वाली सारनाथ और गोंदिया से बरौनी के बीच चलने वाली अप-डाउन एक्सप्रेस प्रयागराज छिक्की होकर चलाई जा रही थी, लेकिन इन दोनों स्टेशनों में भी यात्रियों का दबाव बढ़ गया है। रविवार की रात प्रयागराज के अलावा सात स्टेशनों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई। एसईसीआर ने दूसरे दिन नोटिफिकेशन जारी करते हुए सोमवार की शाम दुर्ग से उसलापुर होकर सतना, माणिकपुर, नैनी होते हुए प्रयागराज छिक्की तक जाने वाली सारनाथ और बरौनी एक्सप्रेस को रद्द करने का आदेश दे दिया।

सतना से प्रयागराज तक जाने वाले यात्रियों को हुई परेशानी




### छिक्की तक यात्रियों की बुकिंग

दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस और गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस उसलापुर से कटनी मुरवारा होते हुए सतना, मैहर, माणिकपुर, नैनी से प्रयागराज छिक्की और बनारस तक अप-डाउन करती है। इन दोनों ट्रेनों में दुर्ग से लेकर रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, बिलासपुर और अन्य स्टेशनों के यात्रियों ने माणिकपुर, नैनी तक बुकिंग कर ली थी, लेकिन दोनों ट्रेनों को अचानक डायवर्ट कटनी के बाद सागर, झांसी, कानपुर होते हुए चलाया गया। इसके कारण यात्रियों को कटनी मुरवारा के बीच उतरना पड़ा।

# सिम्स में व्यवस्था सुधारने डीन ने दिया शपथ पत्र

**बिलासपुर।** सिम्स के डीन की ओर से सोमवार को हाईकोर्ट के समक्ष शपथपत्र प्रस्तुत किया गया। इसमें फायर फाइटिंग सिस्टम, बच्चों के लिए पालनाघर, नए ऑपरेशन थिएटर, वार्ड शुरू करने सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी दी गई। कोर्ट ने संतोष जाहिर करते हुए अगली सुनवाई 7 अप्रैल को तय की है।

डीन की ओर से प्रस्तुत शपथपत्र में बताया गया कि सिम्स में दो नई लिफ्ट मरीजों की सुविधा के लिए लगाई जा रहीं हैं। फीमेल ऑर्थोपेडिक वार्ड शुरू किया गया है। साथ ही दिसंबर में ही नया ऑपरेशन थिएटर शुरू किया गया है, जिसमें ऑपरेशन शुरू किए जा चुके हैं। गौरतलब है कि सिम्स की बदहाली को लेकर हाईकोर्ट के स्व संज्ञान में जनहित याचिका चल रही है। सोमवार को चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव द्वारा दिये गए शपथपत्र को रिकार्ड में लिया है । इसके साथ ही कोर्ट इस संस्थान की मानिटरिंग करते रहेगा और अप्रैल माह में अगली सुनवाई निर्धारित की गई है । सिम्स मेडिकल अस्पताल में आम मरीजों के इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं है। दूर दूर से यहां आने वाले मरीज कुछ दिन भर्ती होने के बाद या तो मजबूर होकर वापस लौट जाते हैं या किसी प्रायवेट हॉस्पिटल का रुख कर लेते हैं। मीडिया में आई बातों को लेकर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने स्वयं संज्ञान लिया था। इसके बाद एक जनहित याचिका के रूप में इस मामले की सुनवाई शुरू कर दी गई है।

### राज्य सरकार ने पेश किया जवाब

प्रदेश में आम लोगों को बसों में किराये के नाम राउंड फिगर का बहाना देकर लाखों रुपए की हेराफेरी की जा रही है। इस मसले में राज्य सरकार ने बताया कि किराये पर पुनर्विचार के लिए पत्र गलती से विधि विभाग को भेज दिया गया था। अब इस संबंध में कैबिनेट में निर्णय होना है, जो छत्तीसगढ़ के सीएम के समक्ष लंबित है, जिस पर निर्णय होना है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में सोमवार को चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की बेंच में सुनवाई हुई। वहीं चीफ जस्टिस ने पूर्व आदेश के परिपालन के बारे में पूछा, इस पूरे मामले में प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता यशवंत सिंह ठाकुर ने अवगत कराया कि सरकार की तरफ से एक हलफनामा पेश किया गया है। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में कुछ दस्तावेजों को इस संबंध में लाया गया है, जिसमें से यह कहा गया है कि निर्णय प्रस्ताव और वर्तमान प्रस्ताव और यह मुद्दा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, सरकार के समक्ष लंबित है और नगरीय निकाय चुनावों के कारण यह रुका है। इसमें कार्यालय से जल्द सूचित कर दिया जाएगा। वहीं हाई कोर्ट से समय मांगा, जिसे स्वीकार करते हुए सरकार को दो हफ्ते का समय देते हुए 17 मार्च 2025 को अगली सुनवाई रखी है।




अमृत भारत योजना

## उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन का काम पूरा करने मार्च तक का टारगेट



**बिलासपुर।** बिलासपुर रेल मंडल के उसलापुर रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार अमृत भारत योजना के तहत 14 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है, जिसका टारगेट फरवरी से एक माह अतिरिक्त बढ़ाते हुए मार्च तक कर दिया गया है। इस परियोजना का कार्य प्रारंभ हो गया है, जिसमें स्टेशन के सामने स्थित पुरानी बिल्डिंग के सामने प्लाई लगाने के अलावा अन्य निर्माण कार्य शुरु कर दिया गया है।

उसलापुर सहित जोन और डिवीजन के 49 स्टेशनों को अमृत भारत में शामिल करते हुए उनका कायाकल्प किया जा रहा है, जिसे पूरा करने का टारगेट 32 माह रखा गया है। रेलवे प्रशासन ने छोटे स्टेशनों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए अमृत भारत योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत छोटे स्टेशनों की अपग्रेडेशन और नवीनीकरण किया जाएगा। उसलापुर स्टेशन को आदर्श रेलवे स्टेशन का दर्जा दिया गया है, और इसे विकास की मुख्य धारा में शामिल किया गया है। वर्तमान में बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में यात्री गाड़ियों और मालगाड़ियों के दबाव को कम करने के लिए दुर्ग से बिलासपुर आने वाली चार मुख्य ट्रेनें दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस, दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस, मंगलवार और बुधवार को दुर्ग से रायपुर, भाटापारा होकर जम्मूतवी विस्तारित उधमपुर जाने वाली एक्सप्रेस के अलावा दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस को उसलापुर रेलवे स्टेशन से होकर चलाया जा रहा है, जिसकी वजह से बिलासपुर स्टेशन में भी यात्रियों की संख्या 7 हजार से कम और उसलापुर स्टेशन में यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। बिलासपुर डिवीजन में अमृत भारत योजना के तहत उसलापुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, कोरबा, शहडोल, अंबिकापुर, अनूपपुर सहित करीब 49 छोटे-बड़े स्टेशनों को शामिल करते हुए काम की शुरुआत कर दी गई है। रेल अफसरों के अनुसार उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत काम पूरा करने के लिए ठेकेदार को 28 फरवरी के बजाय मार्च अंतिम का टारगेट दिया गया है।

### खर्च किए जाएंगे 500 करोड़

बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन के एयरपोर्ट जैसे स्तर तक पहुंचाने के लिए लगभग 500 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। विभिन्न स्टेशनों के लिए राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें उसलापुर स्टेशन को 14 करोड़ पेण्ड्रा को 7.03 करोड़ और शहडोल को 16.03 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है।

### सुविधाओं का होगा विस्तार

नए विकास में स्टेशन पर आवश्यकताओं के अनुसार बेहतर पहुंच मार्ग, द्वार, प्लेटफार्म शेल्टर, एलईडी नेम बोर्ड, पर्याप्त लाइटिंग, कैफेटेरिया, सीसीटीवी कैमरे, दिव्यांग फ्रेंडली शौचालय, और पार्सल के लिए जगह जैसी सुविधाएं शामिल होंगी।

## कर्मचारी महासंघ का राष्ट्रीय अभ्यास वर्ग रायपुर में सम्पन्न




**बिलासपुर।** राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ का राष्ट्रीय अभ्यास वर्ग का समापन रायपुर में हुआ। यह आयोजन 15 व 16 फरवरी को किया गया था।, जिसमें 10 सत्र आयोजित किए गए थे। महासंघ के सदस्यों ने नया रायपुर में भवन या भूखंड का प्रस्ताव उच्चस्तर पर रखने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन छत्तीसगढ़ राज्य योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा के मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन डोगरा की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र जैन एवं पूर्व राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री वीरेन्द्र नामदेव उपस्थित थे। दो दिवसीय अभ्यास वर्ग में कुल 10 सत्र आयोजित किए गए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, बीएमएस एवं प्रभारी सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ एमपी सिंह ने कुटुंब प्रबोधन, कर्तव्य बोध, कार्यकर्ता निर्माण, पंच प्रबोधन, स्वदेशी अपनाना एवं भारतीय मजदूर संघ द्वारा आयोजित पर्यावरण दिवस, विश्वकर्मा जयंती, सामाजिक समरसता दिवस एवं महिला दिवस के बारे में एवं प्रभारी राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ उन्नीकृष्णन (केरल) ने संघ की स्थापना एवं उद्देश्य पर विपिन डोगरा ने कर्मचारियों को आने वाली समस्या एवं उनके समाधान विषय के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. विष्णु वर्मा ने संगठन की रीति नीति एवं कार्यकर्ता के गुण में बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने प्रमोद मिश्रा ने 26 एवं 27 अप्रैल बूंदी राजस्थान में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन की जानकारी दी।

## अवैध पार्किंग से बढ़ी परेशानी, कार्रवाई के बाद भी नहीं मान रहे वाहन चालक



**बिलासपुर।** शहर में इन दिनों यातायात व्यवस्था पूरी तरह लचर हो चुकी है। गली-मोहल्ले के अलावा अब प्रशासनिक कार्यालय में भी वाहन चालक अवैध पार्किंग कर ट्रेफिक व्यवस्था को बिगाड़ रहे हैं। ट्रेफिक पुलिस की कार्रवाई के बाद भी लोग वाहन खड़ी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। कलेक्टर आफिस के सामने अवैध पार्किंग के कारण आए दिन यहां जाम की स्थिति बनी रहती है। हालांकि यातायात विभाग और नगर निगम द्वारा कई बार कार्रवाई कर की जा चुकी है, लेकिन कुछ दिनों बाद स्थिति जस की तस बनी रहती है।

कांग्रेस में भितरघात का मामला

### शहर व जिला कमेटी के पास लगातार आ रही चुनावी शिकायतें, कई लोगों पर हो चुकी निष्कासन की कार्रवाई

# किस-किस को पार्टी से निकालें, कांग्रेस में भीतरघात को लेकर शिकायतों की भरमार

**बिलासपुर।** नगरीय निकाय चुनाव परिणाम आने के बाद कांग्रेस में भीतरघात को लेकर शिकायतों की भरमार लग गई है। शिकायतों को देख कांग्रेस के नेता भी चिंता में पड़ गए हैं कि अब किस-किस को पार्टी से निकालें।



कांग्रेस में नगरीय निकाय चुनाव में भीतरघात, खुलाघात को लेकर शिकायतों को जो दौर शुरू हुआ है वह थमने का नाम नहीं ले रहा है। शहर एवं जिला दोनों ही कांग्रेस कमेटी की ओर से अनुशासनात्मक कार्रवाई की गाज कई कांग्रेसियों पर गिरी है और कुछ लोगों को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। इसलिए कई ऐसे कांग्रेस उम्मीदवार जो चुनाव हार गए हैं वे भी चुनाव परिणाम आने के बाद पार्टी में अपने खिलाफ जाकर काम करने या भाजपा एवं निर्दलीय प्रत्याशियों के पक्ष में काम करने को लेकर शिकायत कर रहे हैं।

### पार्टी ने की इन पर कार्रवाई, अनुशासन हीनता का लगाया आरोप

- वार्ड नंबर 42 चन्द्रशेखर आजाद नगर देवरीखुर्द से कांग्रेस प्रत्याशी ब्रम्हदेव सिंह ठाकुर द्वारा लिखित शिकायत किया गया था कि उनके चुनाव में प्रदेश प्रवक्ता अभयनारायण राय, मनिहार निषाद और इशहाक कुरैशी ने पार्टी विरोधी गतिविधियों को अंजाम देते हुए उन्हें हराने के लिए काम किया है। इस पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने अभयनारायण राय, मनिहार व इशहाक को भितराघात अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है।
- जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा त्रिलोक श्रीवास पर भी अनुशासनहीनता, भितराघात के मामले में कार्रवाई करते हुए पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। त्रिलोक पर नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी खिलाफ प्रचार करने और अधिकृत प्रत्याशी खिलाफ वार्ड नंबर 68 से अपने परिवार के सदस्य को चुनाव में खड़ा करने का आरोप है। इसके अलावा पंचायत चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध अपने पत्नी स्मृति श्रीवास को चुनाव में उतारा है।
- नगर निगम बिलासपुर के लिए मतदान के बाद महिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सीमा घृतेश ने ही अपने वार्ड में भितराघात की शिकायत शहर कांग्रेस कमेटी से की थी। सीमा घृतेश नगर निगम में वार्ड नंबर 21 गुरू घासीदासनगर से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ी। उन्होंने शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय पाण्डेय को एक शिकायत पत्र दिया। तत्काल प्रांकित यादव, जुबेर अहमद, खालिद अंजुम को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में 6 वर्षों के लिए कांग्रेस पार्टी से निष्कासित कर दिया है।
- वार्ड नंबर 35 नागोराव शेष नगर से कांग्रेस प्रत्याशी आदेश पांडेय ने भी शहर अध्यक्ष को शिकायत किया था, जिसमें पूर्व महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सीमा पांडेय, आईटी सेल राहुल ठाकुर, लल्ला सोनी द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी के विरूद्ध प्रचार-प्रसार कर कांग्रेस को नुकसान पहुंचाए जाने की बात कही गई थी। इस शिकायत पर शहर अध्यक्ष ने सीमा पांडेय, राहुल ठाकुर, लल्ला सोनी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

### मिल रही शिकायतः पांडेय

शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय का कहना है कि नगरीय निकाय चुनाव को लेकर ढेर सारी शिकायत मिल रही है, जिसमें कुछ लोगों पर अनुशासनहीनता, भितराघात को लेकर निष्कासन की कार्रवाई हुई है। इसी तरह भितराघात करने और चुनाव में अधिकृत प्रत्याशी खिलाफ काम करने जैसे आरोप है। इन सभी शिकायतों को अभी एकत्रित कर रहे हैं उसके बाद उसके गुण-दोष के आधार आगे विचार किया जाएगा।

### निष्काशन की कार्रवाई हुईः केशरवानी

इसी तरह जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी का कहना है कि नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी विरूद्ध काम करने को लेकर कुछ लोगों पर अनुशासनात्मक, निष्कासन की कार्रवाई हुई है। नगरीय निकाय चुनाव परिणाम आने के बाद भितराघात या खिलाफ में चुनाव में काम करने जैसे शिकायतों की ढेर लग गई है। इन शिकायतों के मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी से मार्गदर्शन लिया जाएगा।

### सीबीएसई 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में सोमवार को फिजिकल एजुकेशन का पेपर हुआ

# स्पोर्ट्स इवेंट मैनेजमेंट से जुड़े सवालों ने फंसाया, चोट से जुड़े प्रश्न पूछे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के लिए फिजिकल एजुकेशन (शारीरिक शिक्षा) की परीक्षा सोमवार 17 फरवरी को ली गई। परीक्षा के दौरान छात्रों को सभी प्रश्नों को अटेम्प्ट करना अनिवार्य था। छात्रों के मुताबिक 12वीं फिजिकल एजुकेशन के पेपर को 2 हिस्सों में बांटा गया था। ध्यान रहे कि सिलेबस में 10 यूनिट्स हैं और सभी से प्रश्न पूछे गए थे। छात्रों के मुताबिक यह एक ऐसा विषय व परीक्षा है जिसके माध्यम से वह सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025 में अपना ओवरऑल स्कोर बेहतर कर सकतें हैं। साइंस की एक छात्रा के मुताबिक यह उनके लिए परीक्षा आसान रही। शिक्षकों के मुताबिर इस परीक्षा में छात्र अच्छा स्कोर करके अपनी परसेंटेज बेहतर कर सकते हैं।

गौरतलब है कि सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हुई थीं और यह परीक्षाएं 18 मार्च तक चलेंगी. वहीं 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं भी 15 फरवरी से शुरू हो चुकी हैं, ये परीक्षाएं 4 अप्रैल तक होंगी। जिले में इस साल दोनों कक्षाओं में 7 हजार से अधिक छात्र शामिल हो रहें हैं। पहले दिन 15 फरवरी को 10वीं कक्षा की इंग्लिश व 12वीं के एंटरप्रेन्योरशिप विषय की परीक्षा हुई थी। वहीं छात्रों की सहायता के लिए सीबीएसई ने प्रत्येक विषयवार गाइडलाइन जारी की हैं। इस गाइडलाइन में परीक्षा के सब्जेक्ट कोड, थ्योरी और प्रैक्टिकल में अर्जित किए जाने वाले अधिकतम अंक की जानकारी दी गई है। इसके अलावा बोर्ड ने प्रोजेक्ट वर्क और इंटरनल असेसमेंट की भी जानकारी दी है।



बर्जेस स्कूल से परीक्षा देकर परिजनों के साथ बाहर निकलते छात्र-छात्राएं।

### स्पोर्ट्स डाइट और फिटनेस से जुड़े सवाल

एक छात्र शौर्य कुमार ने कहा कि पेपर बहुत अच्छा गया है। पोस्ट कमिटी के सवाल ने बच्चों को थोड़ा फंसाया लेकिन, फिर वह भी हल कर लिया गया। एक छात्र उत्तम रस्तोगी ने बताया कि डायग्राम वाले प्रश्नों का उत्तर देने में काफी रुचि आई। रितेश नागदेव के मुताबिक स्पोर्ट्स इवेंट मैनेजमेंट से जुड़े सवाल थोड़े मुश्किल लगे। खेल के दौरान लगने वाली चोट से जुड़े भी कई सवाल पूछे गए। स्पोर्ट्स डाइट और फिटनेस से जुड़े सवालों का सामना भी छात्रों को करना पड़ा।

### परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी

केपीएस स्कूल के वाइस प्रिंसिपल रमन मिश्रा के मुताबिक सीबीएसई द्वारा तय किए गए निर्देशों का अनुपालन नहीं करने पर बोर्ड कार्रवाई कर सकता है। सुरक्षा के लिहाज से सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है. छात्रों से कहा गया है कि वे परीक्षा केंद्र पर पीने के पानी के लिए ट्रांसपेरेंट बोतल का उपयोग कर सकते हैं। वहीं परीक्षा केंद्र में किसी भी तरह के डिजिटल डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं है।

### एनसीईआरटी पर आधारित था पेपर

छात्रों के मुताबिक फिजिकल एजुकेशन का पेपर एनसीईआरटी आधारित था, जिन छात्रों ने सैंपल पेपर्स का अच्छी तरह से सॉल्व किया था, वे आसानी से पेपर में ज्यादा स्कोर कर सकते हैं। सेक्शन के हिसाब से ज्यादातर सवाल सही थे। छात्रों के अनुसार फिजिकल एजुकेशन के पेपर का कठिनाई स्तर आसान से मध्यम स्तर का था। लगभग 80% प्रश्न सीधे किताब से पूछे गए थे। परीक्षा खत्म होने के बाद छात्रों ने बताया कि फिजिकल एजुकेशन का पेपर काफी आसान था। अधिकतर सवाल सिलेबस से ही आए थे। एक छात्रा वैष्णवी ने बताया कि स्पोर्ट्स इवेंट के मैनेजमेंट से जुड़े सवाल पूछे गए थे। मल्टीपल चॉइस वाले सवालों में थोड़ी समस्या आई। परीक्षा देकर लौटी छात्रा निशिका ने कहा कि पेपर आसान था।

बिजनेस प्लस

## मारुती सुजुकी की इलेक्ट्रिक कार इ- विटारा का सत्या में अनावरण



**बिलासपुर।** मारुती सुजुकी की पहली इलेक्ट्रिक कार ई- विटारा का सत्या नेक्सा में अनावरण किया गया। इस संबंध में सत्या ऑटो प्राइवेट लिमिटेड के संचालक गौरव खेड़िया ने बताया कि मारुती सुजुकी ने अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार ई-विटारा लांच की है।

जो नेक्सा शोरूम से सेल होगी। लांचिंग भारतीय स्टेट बैंक के रीजनल मैनेजर अविनाश सोनी एवं मारुती सुजुकी के एरिया मैनेजर अंकुर शर्मा द्वारा किया गया। श्री गौरव ने बताया की यह कार 500 किमी की रेंज देगी। 100% चार्ज होने पर जिसे ग्राहकों द्वारा बहुत ही पसंद किया जा रहा है। आज लांचिंग के दिन 150 से अधिक लोग शोरूम में उपस्थित थे। नई इ-विटारा तकनीकी रूप से उन्नत सुविधाओं से लैस है। जिसमे एडासलेवल 2, ऑटोमेटिक एमरजेंसी ब्रेकिंग सुविधा, 26.04 सीएम मल्टी इनफार्मेशन डिस्प्ले, 25.65 सीएम इंफोटेन्मेंट सिस्टम, ड्यूल टोन बॉडी, 18 इंच अलॉय, 360 डिग्री कैमरा, मून रूफ, 10 वेज़ एडजस्टेबल ड्राइवर सीट, वेंटीलेटेड फ्रंट सीट की सुविधा है। इसके अलावा 40 -20 -40 फोल्डेबल रियर सीट, ड्राइविंग मोड, स्मार्ट वाच एवं फ़ोन कनेक्टिविटी, अडाप्टिव क्रूस कंट्रोल, 5.2M टर्निंग रेडियस, इलेक्ट्रिक पार्किंग ब्रेक जैसे फीचर्स उपलब्ध होंगे।

एजुकेशन प्लस

## पंचवटी हायर सेकेंडरी स्कूल ने 12वीं के छात्रों को दिया फेयरवेल



**बिलासपुर।** पुराना हाईकोर्ट के पास पंचवटी हायर सेकेंडरी स्कूल में 15 फरवरी को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ डायरेक्टर जेपीएस अरोरा ने पूजा अर्चना कर की। कक्षा 11वीं के छात्र मनीष टांडी ने अपने सीनियर्स के सम्मान में शानदार स्पीच दी।

रंगारंग कार्यक्रम में तनुश्री बनवाले, राधिका निर्मलकर और आयुषी ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थी शैलेश व अंजलि ने अपने पढ़ाई और कॅरियर के प्रति अपने विचार और अनुभव साझा किए। मुख्य अतिथि महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट के डायरेक्टर सचिन यादव थे। उन्होंने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन व निरंतरता के महत्व को समझते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। संस्था के डायरेक्टर श्री अरोरा ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने कड़ी मेहनत कर शानदार कॅरियर बनाने शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। जिसमे म्यूजिकल चेयर, कप पिरामिड बनाओ प्रमुख थे। इनमें विजेता अंकित सोनकर और अनुजा कुमारी विजेता रही। डायरेक्टर श्री अरोरा ने सभी विद्यार्थियों, स्टॉफ और उपस्थित लोगों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार प्रशांत यादव और कुशल लड़के व लड़की का पुरस्कार विकास और राधिका को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्र प्रशांत यादव और विकास झा ने किया। समाप्ति उपरांत सभी को लंच कराया गया। कार्यक्रम में मो अहसान अंसारी, कु हिमानी जैन, शुभम दास, हिमांशु जायसवाल, कमलेश पटेल, धनराज, अतुल कुमार, अभिमन्यु, अक्षय, अंकित सोनकर, रेहान सिद्दीकी, आशु जोशी, मानसी भट्टाचार्य, स्वाति रजक, मोनालिसा सलूजा आदि मौजूद थे।

### डेढ़ माह में 93 रजिस्ट्री ही हो सकी, सामान्य दिनों में हर महीने 250 से ज्यादा होती थी

# आचार संहिता का असर, रकम पर निगरानी रहने से बचते रहे लोग, 25 करोड़ की रजिस्ट्री कम हुई

**बिलासपुर।** आचार संहिता के कारण जमीन की खरीद-फरोख्त में काफी कमी आ गई है। पिछले डेढ़ महीने में 25 करोड़ के करीब का पंजीयन कम हुआ है। वहीं दिनभर ग्राहकों की भीड़ वाले रजिस्ट्री दफ्तर में सूनापन है।

कर्मचारी यहां खाली बैठे हुए हैं और अपने पुराने दस्तावेजों को सहेजने और इन्हें एक साथ बनाए रखने का काम कर रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि हमेशा यहां भीड़भाड़ लगी रहती है और इन दिनों ऐसे हालात क्यों हैं तो उन्होंने बताया कि इन दिनों लोग आचार संहिता के कारण रजिस्ट्री कराने नहीं आ रहे हैं। उन्होंने इसके बाद रजिस्ट्री के मामलों की संख्या बढ़ने की संभावना जताई है। पंजीयन विभाग के मुताबिक दिसंबर 2024 में 2417 रजिस्ट्री हुई तो जनवरी और 12 फरवरी 2025 तक 2324 रजिस्ट्री ही हो सकी है। इसके साथ ही अप्रैल 2024 से अब तक 248 करोड़ 18 लाख 54 हजार रुपए की रजिस्ट्री हुई है।

- **ग्राहकों की भीड़ वाले रजिस्ट्री दफ्तर में सूनापन, कर्मचारी पुराने दस्तावेजों को सहेजने में लगे हुए**

पंजीयन विभाग के मुताबिक चुनाव आचार संहिता के दौरान पिछले डेढ़ महीनों में करीब 93 रजिस्ट्री की गई है, जबकि सामान्य दिनों में इनकी संख्या 250 से अधिक होती है। रजिस्ट्रार आर स्वर्णकार के मुताबिक चुनाव की घोषणा के बाद से रजिस्ट्री के मामले कम जरूर हुए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि यह चुनाव या आचार संहिता के कारण हो, हो सकता है बाजार के ऊपर-नीचे होते रहने से भी ऐसा हुआ हो।

### 50 हजार से अधिक नकदी पर कार्रवाई होने का डर

ज्ञात हो कि आचार संहिता के दौरान शुरुआत में नकद की धरपकड़ के कारण लोगों में भय है कि रजिस्ट्री कराने पहुंचने के दौरान उन पर भी कार्रवाई न हो जाए। बैंक से एक साथ रुपए निकालने की भी निगरानी हो रही है ऐसे में ज्यादातर लोग बैंक से 50 हजार से ज्यादा रुपए निकालने या जमा कराने से बच रहे हैं। यही कारण है कि लोग इन दिनों रजिस्ट्री कराने से कतरा रहे हैं। आचार संहिता के बाद थोक में रजिस्ट्री के लिए आवेदन यहां पहुंचेंगे ऐसा कहा जा रहा है। रजिस्ट्री दफ्तर के कर्मचारियों ने बताया कि आचार संहिता से जमीन की खरीदी-बिक्री का कोई संबंध नहीं है और न ही इसे लेकर कोई रोकटोक ही होती है।

### जिले को 470 करोड़ रुपए का टारगेट

इसके साथ ही रजिस्ट्री के जानकारों का कहना है कि दफ्तर में जब से नया ऑनलाइन सिस्टम लागू किया गया उसकी वजह से भी रजिस्ट्रियां कम हो रही हैं। ज्ञात हो कि राज्य सरकार लगातार पांच साल तक रजिस्ट्री का टारगेट बढ़ाती रही है, क्योंकि हर साल रिकार्ड रजिस्ट्री से राजस्व मिलता रहा। पिछले साल भी 350 करोड़ से ज्यादा का लक्ष्य दिया गया था, जिसे बिलासपुर पंजीयन विभाग ने पार कर दिया था। इस साल इस टारगेट को और बढ़ा दिया गया और इसे 470 करोड़ रुपए कर दिया गया है। हालांकि अभी तक 248 करोड़ 18 लाख 54 हजार रुपए की रजिस्ट्री हुई है। इसे देखते हुए अगले डेढ़ महीने में टारगेट तक पहुंचना मुश्किल लग रहा है। इसलिए कहा जा रहा है कि टारगेट को कम करने पर विचार किया जा रहा है।

### कम हुई है रजिस्ट्री

चुनाव की घोषणा के बाद से रजिस्ट्री के मामले कम जरूर हुए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि यह चुनाव या आचार संहिता के कारण हो, हो सकता है बाजार के ऊपर-नीचे होते रहने से भी ऐसा हुआ हो। अप्रैल 2024 से अब तक 248 करोड़ 18 लाख 54 हजार रुपए की रजिस्ट्री हुई है।

- आरआर स्वर्णकार, जिला पंजीयक

विद्यार्थियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

# सीवीआरयू व यूसाइट टीम में अनुबंध, ख्याति अर्जित करेंगे खिलाड़ी

**बिलासपुर।** डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी ख्याति अर्जित करेंगे। इसके लिए यूसाइट टीम से अनुबंध किया गया है। इसके तहत अब विश्वविद्यालय के ट्रेडमार्क को कर्मशलाइज्ड किया जाएगा। साथ ही कमर्शियल लाइसेंस भी प्राप्त होगा।

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को सभी मान्यता प्राप्त सोशल मीडिया विधिवत प्रसारण और शासकीय और गैर शासकीय प्लेटफार्म पर मंच प्राप्त होगा। विवि के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि आदिवासी और वनांचल क्षेत्र में स्थापित विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों में नैसर्गिक प्रतिभाएं बहुत हैं। यही कारण है कि आज यहां के विद्यार्थी पूरे देश में खेल के माध्यम से विश्वविद्यालय और अपने आंचल का नाम रोशन कर रहे हैं। खेलो इंडिया खेलों से लेकर इंटरनेशनल योगा तक विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने सफलता का परचम लहराया है। यहां के विद्यार्थियों को अधिक से अधिक सुविधा मिले और वे बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस उद्देश्य से मुंबई की यूसाइट टीम से अनुबंध किया गया है। इससे अब विवि के विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थान मिल सकेगा। बड़ी टीम बनाकर बड़े ब्रांड के साथ हम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखाई देंगे। साथ ही पब्लिसिटी के लिए विशेष स्थान मिलेगा। इसका का सीधा प्रसारण उनकी ब्रांडिंग, उनके रिल, उनके वीडियो क्लिप भी प्रसारित किए जाएंगे। विवि के विद्यार्थियों को भी बेहतर कोच की सुविधा, मैदान की जानकारी, खेलों के लेटेस्ट अपडेट, अनुभवी खिलाड़ियों एवं कोच का सानिध्य सहित अन्य सभी सुविधाएं भी प्राप्त होगी।




उन्होंने बताया कि अनुबंध के समय यू साइट के अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि इस अनुबंध के बाद अब विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में आसमान से भी ऊंची ऊंचाइयां मिल सकेंगी।



## छात्र विभांशु का विश्व योगा चैंपियनशिप के लिए चयन

डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के विद्यार्थी विभांशु बंजारे का चयन विश्व योगा चैंपियनशिप के लिए हुआ है। यह चैंपियनशिप 5 और 6 अप्रैल को मलेशिया में होगी। गौरतलब है कि विश्व योगा चैंपियनशिप में साउथ एशियन योग स्पोर्ट्स एवं इंडियन हठ योगा फेडरेशन के पर्यवेक्षकों के द्वारा राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में निरीक्षण के दौरान चयन किया जाता है। मलेशिया में होने वाले चैंपियनशिप में लगभग 30 देश के योग खिलाड़ी शामिल होंगे। इसके पूर्व विद्यार्थी विभांशु बंजारे ने नेपाल में आयोजित चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो रवि प्रकाश दुबे, कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने शुभकामनाएं दी हैं।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 18 फरवरी 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



जयंती

## छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य शोभायात्रा 19 को

**बिलासपुर।** मराठा समाज द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य शोभायात्रा 19 फरवरी को निकाली जाएगी। इस संबंध में मराठा समाज के अध्यक्ष शशांक चौहान ने बताया कि 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया है। जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। जयंती के पूर्व समाज द्वारा मराठा प्रीमियर लिग खेल का आयोजन किया गया था। जिसमें छोटे बच्चों से लेकर बडों का गेम रखा गया है जो आई तुलजा भवानी मंदिर में खेला जा रहा है। साथ ही महिलाओं का क्रिकेट एवं युवाओं के लिए भी क्रिकेट खेल खेला गया। सभी टीमों के नाम मराठा सुरवीरों के नाम पर है। जयंती के दिन सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। समाज के युवा संगठन का सम्मान किया जाएगा। 19 फरवरी सुबह 8 बजे बृहस्पति बाजार स्थित छत्रपति शिवाजी चौक पर माल्यार्पण कर महिला मंडल द्वारा आरती की जाएगी। प्रसाद वितरण किया जाएगा। सुबह 9 बजे टाउन हॉल स्थित एवं आई तुलजा भवानी मंदिर स्थित महाराज की मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाएगा। शाम 5 बजे लाल बहादुर शास्त्री स्कूल से शोभायात्रा निकलेगी जो गोल बाजार सदर बाजार देवकीनंदन चौक, छत्रपति शिवाजी चौक होते हुए आई तुलजा भवानी मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा में धुमाल बाजा में केशरिया रंग में सभी मराठा भगवा ध्वज लहराते नजर आएंगे। जीजा माता एवं शिवाजी महाराज की जीवंत झांकी रहेगी। प्रभु श्री राम की भी झांकी रहेगी। जगह जगह अन्य संगठनों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा।



# पूजा-अर्चना के साथ भगवान राम-सीता का हुआ विवाह



**कोदंड रामलाय व श्री कल्याण व्यंकटेश मंदिर में 6 दिवसीय ब्रह्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को भक्तों ने पूजा-अर्चना करते हुए भगवान राम व सीता का विवाह सम्पन्न कराया। इस विवाह समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम का आयोजन 15 फरवरी से किया जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे क्षेत्र स्थित कोदंड रामालय व श्री कल्याण व्यंकटेश मंदिर में 6 दिवसीय ब्रह्मोत्सव मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के तीसरे दिन भगवान राम व माता सीता का विवाह कराया गया है। मंदिर के आचार्यों ने तोरण द्वार, ध्वज कुंभ, सोम कुंभ की पूजा की। इसी तरह भगवान बालाजी का विवाह किया जाएगा। रात्रि में मंदिर समिति के लोग भगवान बालाजी और देवी के परिजनों की भूमिका निभाते हुए रिश्ते की बात किए। इसके बाद भजन-कीर्तन करते हुए भक्तिपूर्ण गीतों पर नृत्य किया गया। अंत में महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। यह उत्सव 19 फरवरी तक चलेगा, जिसमें कई तरह के कार्यक्रम होंगे। यह आयोजन हर वर्ष किया जाता है। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष विपिन पटनायक, सचिव एस.साई भास्कर, कोषाध्यक्ष पी. धर्मा राव, ई. सिम्हाचलम, जी. रवि कुमार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

**आज होगा भगवान बालाजी का विवाह**

मंगलवार को मंदिर में व्यंकटेश स्वामी वारी कल्याणम का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें भगवान बालाजी का देवी पद्मावती के साथ विवाह कराया जाएगा। विवाह सम्पन्न होने के बाद शाम को बालाजी नगर भ्रमण पर निकलेंगे। उक्त आयोजन के समापन अवसर पर सुबह 5 बजे सुप्रभात सेवा, ध्वजकुंभ, महा पूर्णाहुति होगी। दोपहर 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



15 फरवरी से किया जा रहा है आयोजन



आयोजन

## घोंघा जलाशय के किनारे टीम कविता चौपाटी द्वारा काव्यपाठ



**बिलासपुर।** कविता चौपाटी में रविवार को अपना वनभोज का कार्यकम घोंघा डेम एवं सम्मान समारोह व साहित्य गोष्ठी का आयोजन किया। जलाशय में नौकाविहार का आनंद लिया गया। तत्पश्चात विश्वनाथन राव द्वारा फनी गेम एवं हाउसी खेल के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया। फनी गेम में शिखा मौर्य प्रथम रहीं, वहीं हाउजी खेल में सुनील झा, द्वारिका वैष्णव, मधु मौर्य एवं राकेश खरे विजेता रहे। महिलाओं के कुर्सी दौड़ में सीमा पाण्डेय तथा पुरूष वर्ग में महेश श्रीवास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कविता चौपाटी ने करगी रोड कोटा की कवियत्री सोनप्रभा नूर को उनके सधे हुए गीत व स्वर का सम्मान करते हुए गीत कोकिला के सम्मान से नवाजा गया। द्वारिका वैष्णव को उनकी पुस्तक 'एक परेशान आत्मा' में बेहतरीन हास्य व्यंगय के लिए लतिफ घोंधी व्यंग्य से सम्मानित किया गया। सुनील झा को उनके समाज सेवा व गौ सेवा जैसे सामाजिक कार्य के लिए प्रमाण-पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। तृतीय चरण में सोनप्रभा नूर के सम्पादन में काव्य संग्रह कविता चौपाटी को भेंट की गई तथा द्वारिका वैष्णव द्वारा रचित हिन्दी व्यंग्य संग्रह एक परेशान आत्मा का विमोचन राधवेन्द्र धर दीवान की अध्यक्षता व महेश के मुख्य आतिथ्य में किया गया। काव्य गोष्ठी का सफल व बेहतरिन संचालन सतीश पाण्डे उद्यान द्वारा किया गया, जिसमें कविताओं का दो दौर चला। डा. सुधाकर राव बिबे, पूर्णिमा तिवारी, सोन प्रभा शर्मा, राकेश खरे, राजेन्द्र मौर्य, राकेश पाण्डेय अयोध्या ने काव्य पाठ किया। द्वारिका वैष्णव के द्वारा शादी करलो ना यार शीर्षक से हास्य व्यंग्य की एक रचना का पाठ किया गया।

# खुश रहना ही स्वस्थ शरीर की कुंजी



**बिलासपुर।** खुश रहने से हम स्वस्थ रहते हैं। अब तो मेडिकल साइंस ने भी यह साबित कर दिया है कि खुश रहना ही स्वस्थ शरीर की कुंजी है। हर एक विचार जो हमारे मन में उत्पन्न होता है उसका हमारे शरीर की कोशिकाओं पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। गलत सोच शरीर में बीमारी लाती है। अपने शरीर को ठीक रखने हमें अपने विचारों को सकारात्मक रखना आवश्यक है।

उक्त वक्तव्य प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा पुराना बस स्टैंड रोड स्थित राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने महिंद्रा ऑटोमोबाइल शो रूम में आयोजित "खुशहाल जीवन" कार्यक्रम में कही। दीदी ने जीवन में खुश रहने के लिए बताया कि कभी भी अतीत के दुखों को पकड़कर न रखें। हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता अर्थात बीमारियों से लड़ने की शक्ति हमारे भावों और विचारों के अनुसार बदलती है। जैसे खुशी, संतोष, उत्साह शरीर को सकारात्मक संकेत देते हैं। इससे शरीर की ताकत बढ़ती है। वहीं नकारात्मक भाव, जैसे गुस्सा, डर, आलोचना या चिंता शरीर को कमजोर करते हैं और बीमारियों का कारण बनते हैं। जब हम खुश होते हैं, तो हम दर्द और तकलीफ को बेहतर तरीके से सह सकते हैं। जब दुखी होते हैं, तब शरीर और कमजोर हो जाता है। खुशी एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देती है। हमें सक्रिय रह कर सही खानपान लेना चाहिए। आराम करना चाहिए और अच्छे सामाजिक संबंध रखने चाहिए। यदि हम खुश नहीं हैं, इसका मतलब हम इन सब बातों को अनदेखा कर रहे हैं। बीके संतोषी दीदी ने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। बीके विनोद भाई ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम की सफलता में बीके अविनाश भाई का विशेष सहयोग रहा।



**मन का शरीर पर पड़ता है प्रभाव**

दीदी ने कहा कि हमारे मन का शरीर पर लगातार प्रभाव पड़ता है। गलत और नकारात्मक सोच बीमारियां पैदा कर सकती है। सही और सकारात्मक सोच इलाज में मदद करती है। मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं है, मुझे हाई ब्लड प्रेशर है, मेरे परिवार में सभी को डायबिटीज है। ऐसे विचार बीमारियों की ऊर्जा बढ़ाते हैं। किसी बीमारी के बारे में बार-बार सोचने से यह शरीर पर और तेजी से असर डालती है।

**याद करने पर परमात्मा की मिलती है मदद**

ब्रह्माकुमारी सिरगिट्टी सेवा केंद्र संचालिका बीके कांता दीदी ने शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि आज कोई भी त्यौहार या किसी का जन्म रात में भी होता है तो हम उसे जन्मदिन कहते हैं। एक शिवरात्रि का ही त्यौहार है। जिसके साथ रात्रि शब्द जुड़ता है। रात्रि अर्थात यह कलयुग रूपी रात्रि में परमपिता परमात्मा शिव आकर मनुष्य आत्माओं को शक्ति प्रदान करते हैं। जब भी कोई मुश्किल आए परमात्मा को याद करने पर उनकी मदद अवश्य मिलती है। कार्यक्रम में राहुल घोष, बहन सुरेखा, भ्राता अरुण, सूरथ, भ्राता अशोक ठाकुर, बीके अजय भाई सहित 150 से अधिक कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

**कराए गए आदर्श विवाह व अन्य संस्कार**

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मागदर्शन में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इसके पहले दिन बाजे-गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें पांच सौ बहनों ने पीत वस्त्र में भाग लेकर कलश धारण किया।




## गायत्री महायज्ञ में निकाली गई कलश यात्रा

**बिलासपुर।** मरहीकापा में आयोजित इस यज्ञ में शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली के प्रमुख प्रमोद वारचे ने यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि यज्ञ से देव पूजन, दान व अच्छी संगति करने की प्रेरणा मिलती है। युग गायक भाव सिंह तोमर ने संगीत पेश कर माहौल को आध्यात्ममय बना दिया।

बलीराम यादव ने वादन में संगति की। सहायक टोली नायक डॉ डी पटेल ने यज्ञ व संस्कार का वैज्ञानिक प्रतिपादन कर उसकी महत्ता बताई। यज्ञ में आदर्श विवाह, पुंसवन सहित अन्य संस्कार भी कराए गए। 33 लोगों ने गुरु दीक्षा ली। कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव के गायत्री परिजन जानिक राम, सरपंच लक्ष्मी साहू, गायत्री परिवार बेलसरी के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजाराम दुबे, सीताराम श्रीवास, नर्मदा रजक, संदीप यादव, शक्तिपीठ विनोबानगर के हेमराज वैश्य, रामकुमार श्रीवास, शत्रुहन कश्यप, उधोराम प्रजापति, बृजेश साहू, जागेश्वरी साहू, मनहरण लाल साहू, योगेश्वरी थवाईत, साधु राम कौशिक, रामगोपाल कश्यप, प्रमिला कौशिक, रीना ठाकुर, इंदू साहू, मनोज श्रीवास, तिरथराम कश्यप, रामकुमार साहू, छेदीलाल कश्यप का सहयोग रहा।

धर्म-क्षेत्र

## मां परमेश्वरी उत्सव मनाया गया, की गई माता पूजा



**बिलासपुर।** देवांगन समाज चिंगराजपारा बिलासपुर ने वार्ड के नवनिर्चाचित पार्षद रेखा सूर्यवंशी के मुख्य आतिथ्य में इस वर्ष भी मां परमेश्वरी उत्सव श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया। इस दौरान माता परमेश्वरी की विशेष पूजा कर प्रसाद बांटे गए। वहीं समाज की कार्यकारिणी का भी चुनाव हुआ। इसमें अध्यक्ष राजा देवांगन, उपाध्यक्ष जुगनू देवांगन, सचिव बेदु देवांगन, सह सचिव मनीष देवांगन, कोषाध्यक्ष रमेश देवांगन, उप कोषाध्यक्ष भोलाराम देवांगन, मीडिया प्रभारी लक्ष्मण देवांगन चुने गए हैं। नवयुवक इकाई के अध्यक्ष हरिशंकर देवांगन, उपाध्यक्ष राजू देवांगन, सचिव परशु देवांगन, सह सचिव टिल्लू देवांगन, कोषाध्यक्ष राजूलाल देवांगन, उप कोषाध्यक्ष संतोष देवांगन को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है।

स्पोर्ट्स न्यूज

# जैन प्रीमियर लीग का खिताब दुर्ग रायल्स ने जीता

प्रवीण जैन स्टेडियम में त्रिदिवसीय छत्तीसगढ़ जैन प्रीमियर लीग मैच का समापन छत्तीसगढ़ के रजिस्टार पंकज जैन के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस दौरान दो सेमीफाइनल व एक फाइनल मैच का आयोजन किया गया।



**बिलासपुर।** पहला सेमीफाइनल मैच मुंगेली और कोरबा के बीच खेला गया, जिसमें मुंगेली ने 10 ओवर में 148 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कोरबा की टीम ने निर्धारित ओवरों में 131 रन ही बना पाई और 17 रन से मैच हार गई। दूसरे सेमीफाइनल का मुकाबला जेएसवाई भिलाई और दुर्ग रायल्स के बीच हुआ। अपनी पारी खेलते हुए दुर्ग रायल्स ने 10 ओवर में 162 रन बनाए। वहीं भिलाई की टीम ने 10 ओवर में 85 रन ही बना पाई। मुंगेली और दुर्ग रायल्स के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें मुंगेली ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। मुंगेली के खिलाड़ियों ने निर्धारित 10 ओवर में 113 रन बनाए, जिसमें दुर्ग रायल्स ने आसानी से सात ओवर में तीन विकेट खोकर 116 रन बनाकर मैच जीत लिया। छत्तीसगढ़ जैन प्रीमियर लीग का पहला खिताब अपने नाम कर लिया। दुर्ग रायल्स के वंश को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ सीरीज के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आनंद विनोद जैन, जैन सभा के अध्यक्ष दीपक जैन, पूर्व अध्यक्ष वीर जैन, प्रशांत जैन, विहान जैन, सत्येंद्र जैन, शुभम जैन, संदीप जैन सहित हजारों की संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।



## यूथ क्लब लायंस बैंकर्स बैटल विजेता

चौकसे कालेज के मैदान में पीएनबी यूथ क्लब के तत्वाधान में फ्लड लाईट डे नाइट बैंकर्स बैटल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन संयुक्त रूप से पीएनबी मंडल प्रमुख जगदीश राय,वरिष्ठ बैंकर्स ललित अग्रवाल द्वारा किया गया। इसमें छतीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों से सीओ चैम्पियंस, सीओ डेयर डेविल्स, यूथ क्लब लायंस, रायगढ़ रॉयल्स, कोरबा सुपर किंग्स, बिलासपुर ब्लॉस्टर्स, जांजगीर जाइंट्स एवं एग्रीकल्चर एवेंजर्स की टीम ने हिस्सा लिया है। आयोजन को सफल बनाने में गजानन राठौड़, ओमी वर्मा, पंकज पांडेय, ओम प्रकाश महतो, अमित पांडेय, मिथलेश तलवारे, हरनीत सिंह जुनेजा, अरविंद मिश्रा सहित यूथ क्लब के पदाधिकारी सक्रिय रहे। आयोजन के विशिष्ट अतिथि उपमंडल प्रमुख दिव्य रंजन नायक, पीएलपी प्रमुख सौभाग्य बारीक एआईपीएनबीपीए के अध्यक्ष सुरेंद्र चावड़ा थे। काफी रोमांचकारी लीग आधारित मैच का सेमीफाइनल यूथ क्लब लायंस एवं जांजगीर जाइंट्स तथा रायगढ़ रॉयल्स एवं बिलासपुर ब्लॉस्टर्स के मध्य खेला गया। इसमें गजानन राठौड़ के नेतृत्व में विजेता यूथ क्लब लायंस उपविजेता प्रीतम सलूजा को बिलासपुर ब्लॉस्टर्स प्रथम रनरअप, सिद्धार्थ दास को रायगढ़ रॉयल्स तथा द्वितीय रनरअप हरनीत सिंह जुनेजा जांजगीर जाइंट्स की टीम रही, लगभग 200 से ज्यादा बैंकर्स उपस्थित थे।

# महिला टीम ने क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश



प्रदेश की महिला कबड्डी टीम ने 71 वीं सीनियर नेशनल महिला कबड्डी चैंपियनशिप में गोवा को 19 अंकों से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। साथ ही फेडरेशन कप के लिए भी क्वालीफाई हुई है।

एनआईएस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया की करनाल हरियाणा की मेजबानी में 18 फरवरी तक आयोजित होने वाली 71 वीं सीनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप प्री क्वाटर फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ की टीम ने गोवा को 49-30 के मुकाबले साथ19 अंकों से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के साथ ही साथ फेडरेशन कप के लिए महिला कबड्डी टीम ने क्वालीफई किया है। इससे पहले यह टीम लीग के मुकाबले में ओड़िसा को हराकर नाक आउट में पहुंचा था। छत्तीसगढ़ टीम का क्वाटर फाइनल मुकाबला इंडियन रेलवे टीम से होगा। टीम में संगीता कंवर (कप्तान), प्रियंका ध्रुव, संजू देवी, सब्बो मुस्कान, कंचन देवागन, कांति पटेल, रुखसार, करीना, सरिता प्रजापति, कलेशिया आदि शामिल है।



# खेतों में बैसाखी की तैयारी कर रहे हैं सनी देओल...

**नई दिल्ली।** सनी देओल ने खेतों से अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। खेत की झलक दिखाते हुए उन्होंने बताया कि जाट खेतों में बैसाखी की तैयारी कर रहा है। 'गदर' अभिनेता सनी देओल ने खेतों से अपनी तस्वीर शेयर की है। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने बताया कि वे बैसाखी की तैयारी कर रहे हैं। साथ ही पोस्ट में उन्होंने अपनी फिल्म जाट का भी जिक्र किया है। सनी देओल की इस फिल्म को लेकर फैंस बेहद उत्साहित हैं। सनी देओल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें वह व्हाइट शर्ट और पैंट के साथ कैप पहने नजर आ रहे हैं। फोटो में उन्हें खेतों में देखा जा सकता है।

## लाइफ Style

# मोनालिसा
## परिवार ने गलत हाथों में सौंपा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वायरल महाकुंभ गर्ल मोनालिसा अब किसी सेलिब्रिटी से कम नहीं हैं। उन्होंने कथित तौर पर एक फिल्म साइन की है, जिसका निर्देशन सनोज सिंह करेंगे। हालांकि, सनोज सिंह को लेकर जीतेंद्र नारायण सिंह के कुछ दावों ने सभी को चौंका दिया है।

वायरल गर्ल मोनालिसा अब कोई आम स्टार नहीं रहीं। कभी वह महाकुंभ मेले में माला बेचते थे, आज वह एक मशहूर स्टार के रूप में पहचानी जा रही हैं। मोनालिसा की खूबसूरत आंखें और आकर्षक सुंदरता के कारण उनकी तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। उनकी लोकप्रियता अब इतनी बढ़ गई है कि हाल ही में उन्हें एक फिल्म का ऑफर भी मिला है। सनोज मिश्रा ने मोनालिसा को फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में एक रोल ऑफर किया है। इस खबर के सामने आने के बाद एक बड़ी चर्चा शुरू हो गई।

मोनालिसा के प्रशिक्षण वीडियो और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के वीडियो भी विभिन्न मीडिया पर वायरल हुए। पता चला है कि पहले प्रोजेक्ट के लिए उन्हें 21 लाख रुपए दिए जाएंगे। एक लाख रुपए एडवांस दे दिए गए हैं। फिल्म में वह एक सेवानिवृत्त सेना अधिकारी की बेटी की भूमिका निभाएंगी। ऐसी भी खबरें हैं कि इस फिल्म में अभिनेता अनुपम खेर भी होंगे। हालांकि, इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, इस बीच अब सनोज मिश्रा पर आरोप लग रहे हैं कि उन्होंने मोनालिसा को केवल अपनी जाल में फंसाया है।



## हॉलीवुड मसाला



# जल्द शुरू होगी गुडबाय जून

**लॉस एंजिल्स।** 'टाइटैनिक'फेम अभिनेत्री केट विंसलेट अभिनय में दमखम दिखाने के बाद निर्देशन के क्षेत्र में पदार्पण करने वाली हैं। हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, केट नेटफ्लिक्स के लिए 'गुडबाय जून' नामक फीचर फिल्म का निर्देशन करने के लिए तैयार हैं। ऑस्कर विजेता अभिनेत्री इस फिल्म में अभिनय भी करेंगी और इसका निर्माण भी वही कर रही हैं। इस फिल्म में टोनी कोलेट, जॉनी फ्लिन, एंड्रिया राइजबोरो, टिमोथी स्पाल और हेलेन मिरेन मुख्य भूमिका में होंगे।



# बोनी ने कम उम्र में अभिनय के साथ किया निर्देशन...

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री बोनी राइट यानी हैरी पॉटर सीरीज की जिनी वीज्ली ने 17 फरवरी को जन्मदिन मनाया। बोनी को उनके फैंस हैरी पॉटर की जिनी वीज्ली से ही जानते हैं। बोनी पहली बार साल 2001 में पहली बार हैरी पॉटर एंड द फिलॉस्फर्स स्टोन में नजर आईं थी। बोनी राइट ने अपने कॅरियर में अभिनय के साथ निर्देशन में भी हाथ आजमाया। वे साल 2012 में सैपरेट वी कम, सैपरेट वी गो फिल्म का लेखन और निर्देशन कर चुकी हैं। साल 2012 में ही बोनी ने निर्देशन में डेब्यू किया। साल 2013 में ड्रीमिंग जैसी फिल्मों का निर्देशन भी किया है। बोनी अपने हैरी पॉटर के एक को- एक्टर को डेट कर रही थी। अभिनेत्री ने साल 2011 में जैमी कैंपबेल बोवर को डेट करना शुरू किया था, हालांकि दोनों का यह रिश्ता ज्यादा लंबा नहीं चल सका और एक साल बाद यानी 2012 में दोनों अलग हो गए।



# रिलीज हुआ नादानियां का दूसरा गाना

**मुंबई।** जब ये ऐलान किया गया कि सैफ अली खान के बेटे और सारा अली खान के भाई इब्राहिम अली खान बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं, तो फैंस हैरान हो गए। काफी इंतजार के बाद इब्राहिम अली खान की फिल्म 'नादानियां' का पहला गाना 'इश्क में' रिलीज हुआ। गाने में अभिनेत्री खुशी कपूर और इब्राहिम अली खान की केमिस्ट्री काफी अच्छी है। गाना देखने के बाद फैंस 'नादानियां' के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि अभी तक फिल्म का ट्रेलर रिलीज नहीं हुआ है, लेकिन इब्राहिम ने फिल्म का दूसरा गाना साझा किया है। ये गाना काफी इमोशनल है। इसमें ब्रेकअप की कहानी दिखाई गई है। इब्राहिम अली खान ने 'नादानियां' का जो दूसरा गाना शेयर किया है वह 'गलतफमियां' है। गाने को अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखा है।



# तुम्बाड फेम सोहम का क्रेजी ट्रेलर जारी

**मुंबई।** फिल्म 'क्रेजी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म का निर्देशन ग्रीश कोहली ने किया है। फिल्म के अहम किरदार में सोहम शाह हैं। सोहम शाह इससे पहले 'तुम्बाड', 'दहाड़' और 'महारानी' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। ये फिल्म 28 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म का ट्रेलर दमदार है। इसमें सोहम शाह अपनी बेटी को ढूंढता है। फिल्म में नायक की बेटी किडनैप हो जाती है। नायक अपनी बेटी को छुड़ाने के लिए पांच करोड़ का इंतजाम करता है। किडनैपर जैसा कहता है नायक वैसा ही करता है। फिल्म इसी के आस पास घूमती है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने से पहले इसके कई पोस्टर जारी किए जा चुके हैं। इसमें कई बेहतरीन डॉयलॉग लिखे हैं। एक पोस्टर में लिखा है कि 'अभिमन्यू चक्रव्यूह में फंस गया है तू।'

## टीवी मसाला



# रणवीर के माफी मांगने का गौरव ने उड़ाया मजाक...

**नई दिल्ली।** समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट'में रणवीर इलाहाबादिया के आपत्तिजनक बयान के बाद सोशल मीडिया पर उनका काफी विरोध हो रहा है। शो और उससे जुड़े लोगों पर कार्रवाई भी हो रही है। इस विवाद के बाद समय रैना ने यूट्यूब से अपने शो के सभी एपिसोड्स हटा लिए। रणवीर इलाहाबादिया ने कंट्रोवर्सी होने के बाद सोशल मीडिया पर अपने आपत्तिजनक बयान के बाद माफी मांग ली। अब स्टैंड अप कॉमेडियन गौरव कपूर ने तंज कसा है। उन्होंने रणवीर के माफी मांगने का मजाक उड़ाया है। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गौरव ने कहा कि रणवीर ने कंट्रोवर्सी होने के दो घंटे बाद ही माफी मांग ली। उन्होंने अपने शो की एक वीडियो पोस्ट की है, जिसमें वह कह रहे हैं, 'अरे भाई इतनी जल्दी कौन माफी मांगता है। रुकते सोचते समझते अपने वकील को थोड़े पैसे दे देते, सलाह ले लेते फिर कुछ करते।' अपने जोक में गौरव कपूर ने आगे कहा, 'रणवीर जो है, 12 बजे कंट्रोवर्सी हुई, 2 बजे माफी मांग ली। 2 घंटे में। इतने जल्दी मैं अपने पापा से माफी ना मांगू।' गौरव ने आगे कहा कि दिल्ली वाले होते तो मानते ही नहीं। कहते ये एआई है। ये मुंबई वाले शरीफ होते हैं। रणवीर ने हाल ही में जानकारी दी कि उन्हें मौत की धमकियां मिल रही हैं और लोग उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग उनकी मां के क्लिनिक में मरीज बनकर घुसने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे वह डर महसूस कर रहे हैं। हालांकि, रणवीर ने यह स्पष्ट किया कि वह इन चीजों से नहीं भागेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें भारतीय पुलिस और न्यायिक प्रणाली पर पूरा विश्वास है।

## बॉयफ्रेंड संग लगाई त्रिवेणी संगम में डुबकी



**नई दिल्ली।** 'काचा बादाम' पर चंद सेकेंड की रील बनाकर फेमस हुईं अंजलि अरोड़ा काफी धार्मिक हैं। वह चार धाम की यात्रा कर चुकी हैं और अब उन्होंने महाकुंभ में भी डुबकी लगा लीं है। वह अपने बॉयफ्रेंड के साथ प्रयागराज पहुंची और त्रिवेणी संगम में स्नान किया। अंजलि अरोड़ा ने कई सारे फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर किए हैं और झलकियां फैंस के साथ शेयर की है। जिस पर लोग रिएक्ट कर रहे हैं। महाकुंभ में कई नामी हस्तियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। संगम में स्नान किया और पुण्य कमाया। साथ ही फैंस के साथ वहां की तस्वीरें शेयर कीं। अंजलि अरोड़ा का भी नाम उस लिस्ट में जुड़ गया है। उन्होंने आकाश संसनवाल के साथ डुबकी लगाई।

# महाशिवरात्रि से पहले रिलीज होगा 'महाकाल चलो' सॉन्ग

**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी अभिनेता अक्षय कुमार जल्द ही महाकाल की भक्ति में डूबे नजर आने वाले हैं। महाशिवरात्रि से पहले उनका 'महाकाल चलो'नाम का गाना रिलीज होने वाला है। इसकी जानकारी खुद अभिनेता ने दी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर गाने का पोस्टर शेयर करते हुए इसकी घोषणा की है। अभिनेता द्वारा शेयर किए गए पोस्टर में वह शिवभक्त के रूप में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में अक्षय ने शिवलिंग को पकड़ रखा है और महादेव की भक्ति में डूबे हुए नजर आ रहे हैं। अक्षय ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'ॐ नमः शिवाय! महाकाल की शक्ति और भक्ति का अनुभव करें कल... महादेव को मेरी ओर से एक छोटी सी स्तुति, महाकाल चलो मंगलवार को रिलीज हो रहा है।' महाकाल को समर्पित यह गीत अक्षय कुमार, पलाश सेन और विक्रम मोंट्रो ने गाया है। इसका म्यूजिक विक्रम मोंट्रोज़ ने दिया है और इसके बोल शेखर अस्तित्व ने लिखे हैं। गानेग का निर्देशन गणेश आचार्य ने किया है। अक्षय कुमार का यह गाना शिवरात्रि के अवसर पर रिलीज हो रहा हैं। महाकाल को समर्पित अभिनेता का यह गाना 18 फरवरी को रिलीज किया जाएगा।



# दुनियाभर की कुछ सबसे अनूठी 6 फिल्में, जब अलग-अलग एक्टर्स ने किया एक ही रोल...

**नई दिल्ली।** सिनेमा जगत में ऐसा कम ही होता है जब एक ही किरदार को एक से ज्यादा कलाकारों ने निभाया हो। एक ही फिल्म में, एक ही किरदार को, एक से ज्यादा एक्टर्स का निभाना कुछ खास मामलों में ही होता है। लेकिन सिनेमा जगत के इतिहास में कुछ मौकों पर ऐसा हो चुका है।

***शर्माजी नमकीन :*** दिवंगत बॉलीवुड एक्टर ऋषि कपूर के निधन के बाद उनकी आखिरी फिल्म को परेश रावल ने पूरा किया। इसीलिए इस फिल्म में उसी किरदार में कहीं पर ऋषि कपूर नजर आते हैं तो कहीं पर परेश रावल।

***द मैन ऑफ स्टील :*** साल 2013 में रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्म 'द मैन ऑफ स्टील' एक ब्लॉकबस्टर हिट थी। फिल्म में हेनरी सविल ने क्लार्क केंट/सुपरमैन का किरदार निभाया था। लेकिन क्योंकि उनके किरदार को उम्र के अलग-अलग पड़ावों में दिखाया जाना था, इसलिए इसी किरदार के लिए कई अलग-अलग एक्टर्स को हायर किया गया।



***द बटरफ्लाई इफैक्ट :*** साल 2004 में आई फिल्म 'द बटरफ्लाई इफैक्ट' में ईवान ट्रिबॉर्न का किरदार कई अलग-अलग एक्टर्स ने किया था। ऐसा इसलिए क्योंकि यह किरदार टाइम ट्रैवल के दौरान अपनी जिंदगी में कई बदलावों को महसूस करता है।

***द इमैजिनेरियम ऑफ डॉक्टर पर्नासस :*** इस फिल्म में हीथ लेजर, जॉनी डेप, जूड लॉ और कॉलिन फैरेल समेत कई एक्टर्स ने टोनी शेपर्ड का किरदार निभाया था। फिल्म की कमाल की नरेशन और स्क्रिप्ट की वजह से किरदार को कई एक्टर्स को करना पड़ा था।

***आई एम नॉट देयर :*** बॉय डायलन के किरदार को निभाने के लिए कई अलग-अलग एक्टर्स को हायर किया गया था। कैट ब्लैंचेट, क्रिश्चियन बेल और हीथ लेजर फिल्म में अलग-अलग मौकों पर लीड रोल में नजर आए थे।

***द क्यूरियस केस ऑफ बेन्जामिन बटन :*** फिल्म की कमाल की कहानी के चलते एक ही किरदार अलग-अलग कलाकारों को करना पड़ा था। फिल्म की कहानी एक ऐसे शख्स की है जो अपनी जिंदगी उलटी जीता है। यानि वो जन्म के समय बूढ़ा है और उम्र बढ़ने के साथ वो जवान होता जाता है।

## बाफ्टा से चूकी ऑल वी इमेजिन एज लाइट, किसी विशेष फिल्म का नहीं रहा दबदबा

# बेस्ट फिल्म बनी कॉन्क्लेव, एमिलिया पेरेज भी जीती



***लंदन।*** *सिनेमा की दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित कार्यक्रमों में से एक 78वां ब्रिटिश अकादमी फिल्म पुरस्कार (बाफ्टा) आखिरकार लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में शुरू हुआ, जिसमें अभिनेता डेविड टेनेंट लगातार दूसरे वर्ष मेजबान के रूप में लौटे। 78वें वार्षिक समारोह में बाफ्टा में किसी विशेष फिल्म का दबदबा नहीं रहा। इसके बजाय कॉन्क्लेव ने 'सर्वश्रेष्ठ फिल्म', 'आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश फिल्म', 'सर्वश्रेष्ठ रूपांतरित पटकथा' और 'सर्वश्रेष्ठ संपादन' के लिए पुरस्कार जीते। वहीं, चार बाफ्टा पर 'द बूटलिस्ट' बराबरी पर रही। अन्य फिल्में जिन्होंने यादगार रातें मनाईं, उनमें माइकी मैडिसन के साथ एनोरा शामिल है, जिसने 'बेस्ट लीडिंग एक्ट्रेस' का पुरस्कार जीता और फिल्म को 'सर्वश्रेष्ठ संपादन' के लिए मान्यता दी गई।*




## 'बाफ्टा 2025' के विजेताओं की पूरी लिस्ट

बेस्ट फिल्म - 'कॉन्क्लेव'
ब्रिटिश फिल्म - 'कॉन्क्लेव'
बेस्ट डायरेक्टर - ब्रैडी कॉर्बेट, 'द बूटलिस्ट'
बेस्ट एक्टर - एड्रियन ब्रॉडी, 'द बूटलिस्ट'
बेस्ट एक्ट्रेस - मिकी मैडिसन, 'एनोरा'
बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर - कीरन कल्किन, 'ए रियल पेन'
बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस - जो सलदाना, 'एमिलिया पेरेज'
बेस्ट राइजिंग स्टार (जनता द्वारा वोट किया गया) - डेविड जोंसन
बेस्ट आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश डेब्यू - 'नीकैप' निर्देशक रिच पेपिएट
बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले - जेसी ईसेनबर्ग, 'ए रियल पेन'
बेस्ट एडाप्टेड स्क्रीन प्ले - पीटर स्ट्रॉघन, 'कॉन्क्लेव'
बेस्ट नॉन इंग्लिश फिल्म - 'एमिलिया पेरेज'
बेस्ट म्यूजिकल स्कोर - डैनियल ब्लमबर्ग, 'द बूटलिस्ट'
बेस्ट सिनेमैटोग्राफी - लोल क्रॉली, 'द बूटलिस्ट'
बेस्ट एडिटिंग - 'कॉन्क्लेव'
बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन - 'विकेड'
बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन - 'विकेड'
बेस्ट साउंड - 'ड्यूनः पार्ट 2'
बेस्ट कास्टिंग - 'एनोरा'
बेस्ट विजुअल इफेक्ट्स - 'ड्यूनः पार्ट 2'
बेस्ट मेकअप और हेयर - 'द सब्सटेंस'
बेस्ट एनिमेटेड फिल्म - 'वालेस और ग्रोमिटः वेंजेंस मोस्ट फाउल'
बेस्ट ब्रिटिश शॉर्ट फिल्म - रॉक, पेपर, सिजर
बेस्ट ब्रिटिश शॉर्ट एनीमेशन - 'वांडर टू वंडर'
बेस्ट चिल्ड्रेन एंड फैमिली फिल्म - 'वालेस और ग्रोमिटः वेंजेंस मोस्ट फाउल'
सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री - 'सुपर/मैनः द क्रिस्टोफर रीव स्टोरी'
सिनेमा में उत्कृष्ट ब्रिटिश योगदान - 'मेडिसिनेमा'
बाफ्टा फेलोशिप - वारविक डेविस

## कॉन्क्लेव ने जमाया रंग

रात का सबसे बड़ा पुरस्कार कॉन्क्लेव को मिला, जिसने 'सर्वश्रेष्ठ फिल्म' के लिए बाफ्टा पुरस्कार जीता।

***मिकी मैडिसन को अनोरा के लिए मिली जीत :*** सीन बेकर की फिल्म एनोरा की स्टार मिकी मैडिसन ने 'बेस्ट लीडिंग एक्ट्रेस' के लिए बाफ्टा पुरस्कार जीता है।

***एड्रियन ब्रॉडी की बड़ी जीत :*** एड्रियन ब्रॉडी ने द बूटलिस्ट में अपने अभिनय के लिए 'बेस्ट लीडिंग एक्टर' श्रेणी में बाफ्टा पुरस्कार जीता है।

***सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार :*** बूटलिस्ट फिल्म निर्माता ब्रैडी कॉर्बेट ने 'सर्वश्रेष्ठ निर्देशक' का पुरस्कार जीता।

***ईई राइजिंग स्टार अवॉर्ड :*** 'ईई राइजिंग स्टार अवॉर्ड' हॉलीवुड सुपरस्टार बनने की सीढ़ी है, जिसके पिछले विजेताओं में टॉम हार्डी, टॉम हॉलैंड, डैनियल कालूया, जैक ओ'कॉनेल, लेटिटिया राइट और एम्मा मैकी शामिल हैं। अब पुरस्कार के 2025 के विजेता डेविड जोंसन को उम्मीद है कि वे अन्य नामों की तरह ही करियर की राह पर चलेंगे।

***कॉन्क्लेव ने फिर जीत हासिल की :*** बाफ्टा पुरस्कार समारोह पहले से ही कॉन्क्लेव की रात बनता जा रहा है, जिसे समारोह में 12 पुरस्कारों के लिए नामांकित किया गया है। अब इसने 'आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश फिल्म' का पुरस्कार भी जीत लिया है।

***'बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन' का पुरस्कार :*** 'सर्वश्रेष्ठ पोशाक डिजाइन' का पुरस्कार उस प्रतिभाशाली समूह को दिया गया है, जिसने 'विक्ड' पर काम किया था, जिसे क्लोथिंग डिपार्टमेंट ने काफी हद तक बढ़ाया था।

## खबर संक्षेप

### साव ने किया वार्षिक कैलेंडर का विमोचन



**बोदरी।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सोमवार को अपने रायपुर स्थित निवास पर छत्तीसगढ़ शासकीय निःशक्त अधिकारी कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। उक्त अवसर पर सीएम दीक्षित, डॉ रवि पटेल, महेश साहू, आशीष शर्मा, डॉ अमितेश्वर टेकवार, शिव कुमार भोई, लखन लाल दुबे, प्रीतम मानिकपुरी, एच के साहू, सतीश पाड़लि, यशवन्त आदिले, बींदेश्वरी आदिले, दुष्यन्त कश्यप मजूद रहे।

### बेलपान मेले में उमड़ी लोगों की भीड़

**तखतपुर।** माघ पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र में लगने वाले बेलपान मेले में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु नर्मदा कुण्ड में स्नानकर भगवान नर्मदेश्वर की पूजा-अर्चन कर रहे। प्रतिवर्ष बेलपान में माघ पूर्णिमा के दिन से बहुप्रतिक्षित मेला लगता है जहां क्षेत्र एवं दूर दराज से भी श्रद्धालु नर्मदा कुण्ड में स्नान करने पहुंचते हैं। क्षेत्रवासियों को इस मेले का बेसब्री से इंतजार रहता है जहां पर आसपास के ग्रामीण पूरे वर्ष भर की जरूरत की सामाग्री खरीदते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के ज्यादातर लोग बेलपान मेले से ही शादी विवाह में लगने वाली सामग्री खरीदते हैं। ऐसे में व्यापारियों को भी इस मेले का इंतजार रहता है एवं वे अपने पूरे ग्राहकों के लिए आवश्यक सामाग्री के साथ व्यापार करने के लिए पहुंचते हैं। यह मेला एक सप्ताह तक चलता है। तखतपुर से बेलपान जाने के लिए ऑटो, बस सहित अन्य साधनों में मेला जाने वालों की भारी भीड़ लगी रहती है।



### धुरी समाज ने शिव महापुराण कथा का आयोजन

**तखतपुर।** धुरी समाज के द्वारा पहली बार सामूहिक रूप से अपने ईष्टदेव महादेव की कथा सुनने नयापारा में शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। 19 फरवरी को कलश यात्रा के साथ ही नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ होगा। साथ ही उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान एवं 23 फरवरी को सामूहिक विवाह 27 फरवरी को शहस्त्रधारा, 28 फरवरी को समाजिक महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के लिए संभागीय पदाधिकारी आमंत्रण पत्र लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, बिल्हा विधायक, धरम लाल कौशिक, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, पूर्व मंडी अध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक के पास पहुंचे एवं सभी जनप्रतिनिधियों ने आमंत्रण सहर्ष स्वीकार किया। इस अवसर पर बिलासपुर संभाग धुरी समाज के अध्यक्ष परदेशी ध्रुवंशी, उपाध्यक्ष सुखनंदन ध्रुवंशी, सचिव नंदकुमार धुरी, सह सचिव माखनलाल धुरी, सीताराम धुरी, साधलाल धुरी, रघुनंदन धुरी एवं अन्य उपस्थित रहे।

## निधन

### चंद्र कुमार दुबे



**बिलासपुर।** कतियापारा मोपका नाका निवासी चंद्र कुमार दुबे का निधन 17 फरवरी हो गया। वे 88 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार मधुबन मुक्तिधाम में किया गया। वे किरण दुबे व दीपक दुबे के पिता थे।

### अजय शर्मा



**बिलासपुर** । सारागांव अमरूवा निवासी अजय शर्मा का सोमवार को रायपुर में निधन हो गया । उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम अमरुवा में किया गया। वे अंजनी शर्मा के पति, सुधीर, सुशील व अलका शर्मा के पिता थे।

### अब्दुल समीर



**बिलासपुर।** तालापारा ताज मस्जिद रोड निवासी अब्दुल समीर का रविवार 16 फरवरी को बैंगलुरू में निधन हो गया। मंगलवार शाम 5 बजे उनका जनाजा तालापारा से निकला जाएगा। उन्हें रहमतबाग मगरपारा में सुपुर्देखाक किया जाएगा। वे अराधना स्टूडियो गोलबाजार के संचालक अब्दुल शमीम के पुत्र थे।

### कुशवा राम यादव



**तखतपुर।** ग्राम हरनाचाका निवासी कुशवा राम यादव 75 वर्ष का 17 फरवरी को निधन हो गया। वे जगदीश यादव के पुत्र थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम हरनाचाका में 18 फरवरी को सुबह 10 बजे किया जाएगा।

## उत्साह इतना कि लाठी व वील चेयर के सहारे पहुंचे मतदान केंद्र

# गांव की सरकार चुनने मतदाताओं ने कतार में घंटों किया इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में सोमवार को वोटरों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कोई बुजुर्ग लाठी टेकता मतदान केंद्र तक पहुंचा तो कोई व्हील चेयर पर आया। किसान भी गांव की सरकार चुनने के लिए खेतों को छोड़ पोलिंग स्टेशनों पर कतारों में खड़े नजर आए। महिलाएं घंटों लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया। वोट हमारा अधिकार है और वोट देना हमारी जिम्मेदारी इस बात को अब सभी लोग समझ रहे हैं। माताएं और बहनें भी अपने छोटे-छोटे बच्चों को साथ लेकर बूथों तक पहुंची। हर वोटर के चेहरे पर गांव की सरकार चुनने का उत्साह नजर आया। देर रात्रि तक मतदान चलते रहा।

■ देर रात तक मतदान केंद्र में लगी रही लाइन

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर आज पहले चरण के लिए मतदान हुआ।



मतदान के लिए पहुंची महिलाओं की कतार।

पंचायत चुनाव के पहले चरण में आज मुंगेली ब्लॉक में मतदान संपन्न हुआ। मतदान को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण के लिए वोटिंग सुबह सात बजे से शुरू हुई। लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाताओं का अंतिम समय तक जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सुबह होते ही लोग अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचने लगे और मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग किए। खासकर बुजुर्गों और महिलाओं में भी भारी उत्साह देखने को मिला। कई मतदान केंद्रों पर पहली बार वोट डालने वाले युवा मतदाता भी जोश से भरे नजर आए। मुंगेली विकासखंड में बड़ी संख्या में महिला मतदाताओं ने अपने वोट का बढ़ चढ़कर इस्तेमाल किया। मतदान शुरु होते ही बूथों पर महिला मतदाताओं की लंबी लंबी कतारें लग गई। वोट डालने आये बुजुर्ग मतदाताओं ने बताया कि उसके पैरों में हमेशा दर्द रहता है इसके बावजूद उसने अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल किया। वोट देने आई महिलाओं ने कहा कि गांव में अच्छी सरकार बने और विकास के काम तेजी से हो इसके लिए उनका वोट देना जरुरी है। मुंगेली जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कुल 124 ग्राम पंचायत हैं, जिसमें 351 मतदान केन्द्र बनाए गए। जनपद पंचायत मुंगेली क्षेत्र अंतर्गत जिला पंचायत के 4 सीटों के लिए 31 प्रत्याशी, जनपद सदस्य के 25 सीटों के लिए 144 प्रत्याशी, सरपंच के 118 सीटों के लिए 626 प्रत्याशी और पंच के 1125 सीटों के लिए 2702 प्रत्याशियों के लिए वोट डाले गए। वहीं 548 पंच और 6 ग्राम पंचायत जिनमें झझपुरीखुर्द, पुरान, करही(ध), डोडा, किरना और चकरभाठा में निर्विरोध सरपंच चुना गया है।

### सुबह से मतदान केंद्र पर लगी रही भीड़



**खम्हरिया।** मस्तूरी जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुकदा में सोमवार को शांतिपूर्वक मतदान हुआ। लोगों मतदान को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। मतदान के लिए कुल 4 बूथ तैयार किए बनाए गए थे। शास पूमा विद्यालय एवं शास मिकशाला कुकदा में सुबह 7 बजे से लेकर 3 बजे तक मतदान किया गया। सुबह 7 बजे से मतदाताओं की लाइन लगना शुरू हो गई थी, लोग बुजुर्गों को व्हील चेयर में बिठाकर मतदान कराने के लिए पहुंचें। मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए टेंट सहित अन्य आवश्क सुविधाओं की भी व्यवस्था की गई थी। सुबह 7 बजे से ही कतार में खड़े होकर लोगों ने एक-एक कर वोट डाला। इस दौरान बड़ी संख्या में मतदाता मतदान केंद्र लिए पहुंचे। बिलासपुर पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार सीपत पुलिस ने मतदान केंद्रों में तैनात रहकर सुबह से शाम तक अपना ड्यूटी की। सभी निर्वाचन अधिकारी भी अपने-अपने कर्तव्यों का पालन कर शांतिपूर्ण मतदान में अपना सहयोग दिया। चिल्हाटी में बुजुर्ग महिला एवं नवयुवकों ने उल्लास एवं शांतिपूर्वक मतदान किया। 6 से 11 वार्ड के मतदान केंद्रों में लगभग 4 बजे तक मतदान चलता रहा।

### ग्रामीण क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ा



**मोपका।** मस्तूरी क्षेत्र में गांव सरकार बनाने आज मतदान किया गया सुबह 7 से 3 तक मतदान का समय था। सुबह से ही ग्रामीण मतदान केंद्र पहुंचने लगे थे। जहां 10:12 बजे के बीच भारी भीड़ उमड़ पड़ी अंदर बाहर लंबी लाइन लगी रही। कर मतपत्र में वोट डाले गए, पर पता चला कि सरपंच में जबरदस्त टक्कर रही जबकि जिला जनपद में प्रत्याशी के कार्यकर्ता ज्यादा सक्रिय नहीं दिखे वही सरपंच के लिए कार्यकर्ता ज्यादा सक्रिय दिखे। क्षेत्र के ग्राम गतोरा, भिलाई, रांख, रलिया, हरदडीह, देवरी, पंधी, जांजी में मतदाताओं उत्साह में देखने को मिला। 3 बजे के बाद कई वोटर मतदान से वंचित रहे वे 5 के ख्याल से देर से मतदान केंद्र पहुँचे मतदान केंद्र परिसर का गेट बंद होने से उन्हें बिना मतदान के वापस होना पड़ा। ज्ञात हो कि परिसर के अंदर वोटरों को टोकन बांट दिया गया था गतोरा पंधी में देर शाम 7:00 बजे तक वोटिंग होता रहा।

### कलेक्टर ने करही में की वोटिंग

**मुंगेली।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के प्रथम चरण अंतर्गत मुंगेली विकासखंड में आज सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने करही स्थित शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के आदर्श मतदान केंद्र में अपने मत का प्रयोग किया। उन्होंने मतदान केंद्र में व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा केंद्र में बने सेल्फी पॉइंट में फोटो भी खिंचवाई। उन्होंने मतदान केंद्र की बेहतर साज-सज्जा और व्यवस्थाओं की सराहना की तथा शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। कलेक्टर श्री देव ने मुंगेली विकासखंड के छतौना मतदान केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और आमजनों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि मुंगेली जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत कुल 124 ग्राम पंचायत है, जिसमें 351 मतदान केंद्र बनाए गए थे।




### फुलवारी पंचायत में मतगणना के दौरान मचा बवाल



**जरहागांव।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत फुलवारी में त्रिस्तरीय चुनाव संपन्न होने पश्चात एक सरपंच प्रत्याशी द्वारा मतगणना स्थल पहुंचकर व्यवधान पहुंचाने के कारण गांव में बवाल मच गया। देखते देखते ग्रामीणों में रोष बढ़ने लगा। अंततः पुलिस फोर्स बुलाना पड़ा। जानकारी के अनुसार सरपंच प्रत्याशी प्रतिनिधि विजय कोसले शासकीय कर्मचारी होने के बावजूद अन्दर घुसकर मतगणना कार्य में बाधा पहुंचाने लगा। जिससे अन्य प्रत्याशियों ने आपत्ति जताई जिससे देखते देखते बवाल बढ़ने लगा। बवाल इतना बढ़ गया कि पुलिस फोर्स बुलानी पड़ गई। पूर्व सरपंच माखन साहू ने बताया कि मतदान पश्चात गांव के एक व्यक्ति द्वारा मतगणना कार्य परिसर में घुसकर बवाल किया गया जिस पर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

#### आरोपी कस्टडी में

ग्रामीणों ने आपत्ति की है कि एक व्यक्ति द्वारा मतगणना में व्यवधान किया गया है जो शासकीय कर्मचारी है। ग्रामीणों की शिकायत पर निर्वाचन विभाग को कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। फिलहाल उक्त व्यक्ति को पुलिस कस्टडी में रखा गया है।

**-प्रकृति ध्रुव**, नायब तहसीलदार, जरहागांव

### छतौना मतदान केन्द्रों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**जरहागांव।** जरहागांव तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में जनपद सदस्य, जिला सदस्य, सरपंच व पंचों के निर्वाचन के लिए चार अलग-अलग रंग के मत पत्र दिए गए। एक साथ चार बैलेट पेपर में मुहर लगाने से मतदान की प्रक्रिया धीमी गति से चलती रही जिनके कारण मतदाता लंबी लाइन में खड़े होकर अपने नंबर का इंतजार करते रहे।

■ ग्रामीणों ने लिया बढ़चढ़कर हिस्सा

क्षेत्र की ग्राम पंचायत भथरी, केशरवाडीह, पदमपुर, फुलवारी, बिरगांव, खम्हरिया, दाऊकापा, बिरगहनी, फरहदा, खामहींकुर्मी, छतौना, दशरंगपुर, लोहड़िया, धनगांव, भठलीखुर्द, झझपुरीखुर्द, कोना,कोसमा, घुडूकापा, सेमरचुवा, ठकरीकापा, कुरानकापा में हर्षोल्लास के साथ मतदाताओं ने मतदान किया। कलेक्टर राहुल देव ने जरहागांव के छतौना मतदान केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और आमजनों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि जिले में निष्पक्ष और पारदर्शी पंचायत चुनाव सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की गई हैं तथा सभी मतदान केंद्रों में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छाया, पेयजल विद्युत आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। एसपी भोजराम पटेल ने भी सभी मतदाताओं को अपने निर्धारित मतदान केंद्र पहुंचकर निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि मुंगेली जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत कुल 124 ग्राम पंचायत हैं, जिसमें 351 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यहां सुबह 7 बजे से मतदान को प्रक्रिया शुरू हो गई जो दोपहर 3 बजे तक चली।



### दिव्यांग, बुजुर्ग एवं महिलाओं को पहले मतदान का अवसर

**मस्तूरी।** त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव के प्रथम चरण में विकासखण्ड मस्तूरी के 131 पंचायत क्षेत्रों में 17 फरवरी सोमवार को पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए मतदान किया गया।

मतदाता सुबह से ही मतदान केंद्र पहुंचते रहे, वहीं प्रत्याशियों के शुभचिंतक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने घर-घर पहुंचते रहे। प्रत्याशी एवं उनके परिवार के लोग मतदान केंद्र के बाहर खड़े रहे और मतदान करने आने वाले प्रत्येक मतदाताओं को हाथ जोड़-जोड़ कर अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की गुजारिश करते रहे। लोकतंत्र के इस आम निर्वाचन में मतदाताओं ने काफी उत्साह के साथ मतदान किया। पंचायत चुनाव में पुरुष मतदाताओं के अपेक्षा महिला मतदाताओं में मतदान के प्रति अधिक रुचि देखी गई। मतदान केंद्रों में उपस्थित कर्मचारियों ने दिव्यांग, बुजुर्ग एवं महिलाओं मतदान करने का अवसर पहले दिया। मतदान के लिए सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक का समय निर्धारित किया गया था लेकिन कई पंचायतों में पेटी कम पड़ जाने की वजह से देर रात्रि तक मतदान प्रक्रिया चलती रही। विकास खंड के ग्राम पंचायत लावर, मटिया, रिसदा, विद्याडीह सहित अन्य पंचायतों में देर शाम तक मतदान हुआ। दोपहर 1 बजे तक मतदान प्रतिशत 45% रहा, ऐसे में लगभग 70% मतदान होने की अनुमान लगाया जा रहा है। गौरतलब हो कि जनपद पंचायत क्षेत्र के अधीनस्थ स्थित 131 ग्राम पंचायत, 25 जनपद पंचायत एवं 5 जिला पंचायत सदस्य का चुनाव होना था लेकिन 131 ग्राम पंचायत में से 6 ग्राम पंचायतों में सरपंच, एवं 647 पंच निर्विरोध चुने गए थे।



## साड़ी व मिठाई ले जाते स्कार्पियो जब्त



साड़ी एवं मिठाई जब्त करते कलेक्टर एवं एसपी।

**मुंगेली।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत चुनाव से पहले जिला प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। पंचायत चुनाव में मतदाताओं को प्रलोभन देने के उद्देश्य से साड़ी और मिठाई ले जाते हुए स्कोर्पियो वाहन को सामग्री सहित जप्त किया गया है। साथ ही संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल 16 फरवरी रविवार को मुंगेली विकासखंड के फास्टरपुर मतदान केंद्र सहित क्षेत्र का सघन निरीक्षण के लिए निकले थे। वापसी के दौरान रात में करीब 09 बजे फास्टरपुर-मुंगेली मुख्य मार्ग पर ग्राम शीतलदह में एक स्कॉर्पियो वाहन को रुकवाकर कलेक्टर और एसपी ने जांच कराई। इस दौरान वाहन में बड़ी मात्रा में साड़ियां और मिठाइयां मिली। वाहन में चालक समेत चार व्यक्ति सवार थे। कलेक्टर और एसपी ने सभी व्यक्ति से बारी-बारी पूछताछ की। इस दौरान बताया गया कि ग्राम पंचायत गस्तीकापा-शीतलदह के सरपंच प्रत्याशी डॉ. अमर नवरंग द्वारा मतदाताओं को प्रलोभन देने के उद्देश्य से साड़ी और मिठाई का डिब्बा मंगाया गया है। कलेक्टर-एसपी ने इस पर तत्काल एक्शन लेते स्कॉर्पियो वाहन और प्रलोभन सामग्री को सीज करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। साथ ही निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए कहा। कलेक्टर एवं एसपी के निर्देश पर स्कॉर्पियो वाहन सीजी-28ई 9654 और प्रलोभन सामग्री को सिटी कोतवाली थाना के सुपर्द किया गया और संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

## भीड़ के कारण कई केंद्रों में शाम 7 बजे तक हुआ मतदान



**तखतपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत सोमवार 17 फरवरी को प्रथम चरण में होने वाले ग्राम पंचायतों के लिए मतदान हुआ। इस दौरान कई जगहों पर देर रात तक मतदान होता रहा। समीपस्थ ग्राम भथरी में सुबह से ही मतदान करने के लिए मतदाताओं की लम्बी लाइन लगी रही, जहां 3322 मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करना था। जैसे-जैसे समय बढ़ता गया मतदान केंद्रों में मतदान करने के लिए लोगों की भीड़ बढ़ती गई एवं शाम तक और भीड़ बढ़ गई। भीड़ के कारण शाम कई केंद्रों में 7 बजे तक मतदान होता रहा। मतदान के बाद वहीं पर मतों की गिनती की गई और मतगणना कार्य रात्रि तक चलता रहा। इससे पहले मतदान करने पहुंच रहे मतदाताओं से संपर्क कर प्रत्याशा अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते रहे। मतदाता भी अपने मनपसंद के प्रत्याशियों को मत देने के लिए मतदान केंद्र पहुंचें और ग्राम सरकार के गठन में अपनी भूमिका अदा की। पंचायत के दूसरे चरण में 20 और तिसरे चरण में 23 फरवरी को मतदान होना है।

## नामांकन दाखिल करने से दिव्यांग को रोका, शिकायत दर्ज

**मुंगेली।** जिले के ब्लॉक पथरिया के ग्राम खुटेरा में एक दिव्यांग व्यक्ति रघु ठाकुर जिन्होंने नामांकन दाखिल करना चाहा, उनको ग्राम के विनोद ठाकुर ने नामांकन दाखिल करने से रोका। साथ ही रघु ठाकुर की पत्नी का हाथ पकड़ा। उसके बाद विनोद ठाकुर ने खुद को निर्विरोध सरपंच की घोषणा भी कर दी। इस संबंध में पीड़ति दिव्यांग रघु ठाकुर के द्वारा अपनी पत्नी के साथ मिलकर पुलिस में, निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर मुंगेली के समक्ष लिखित शिकायत की। कार्यवाही पर 6 फरवरी को एफआईआर भी दर्ज हो गई, किंतु आज तक नए चुनाव करवाने लिए आज तक कोई घोषणा नही की गई है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता लखन सुबोध समेत आज आम आदमी पार्टी से प्रदेश संगठन महामंत्री जसबीर सिंग चावला, प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता प्रियंका शुक्ला, आम आदमी पार्टी के जिला के अध्यक्ष धर्मेंद्र जांगड़े, लोकसभा उपाध्यक्ष हरीश सेवा, जिला उपाध्यक्ष रामकिंकर सिंह ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष धर्मराज साहू, शहर अध्यक्ष रितेश मिश्रा समेत कार्यकर्तागण, द्वारा पीड़ितजिन के साथ मिलकर मुंगेली कलेक्टर एवं निर्वाचन कार्यालय में शिकायत दर्ज की और मुलाकात की गई।

### गुमशुदा



संतोष दुबे पिता स्व. बी.पी. दुबे उम्र 45 साल निवासी आदर्श नगर, सिरगिट्टी थाना सिरगिट्टी जिला बिलालपुर (छ.ग.) जो दिनांक 03/02/2025 को दोपहर 1:00 बजे घर से बिना बताये कहीं चला गया है, उंचाई 5 फिट 6 इंच रंग सांवला, चेहरा लंबा, बाल काला, शारीरिक स्थिति सामान्य काला रंग का शर्ट, काला पेट, पहना है, हिन्दी छत्तीसगढ़ी बोलता है। जिस किसी को मिले या दिखे कृपया इस पते पर सूचित करें:- **विमला दुबे, आदर्श नगर, थाना सिरगिट्टी बिलासपुर 9827181460**

### आम सूचना

भारतीय साझेदारी अधिनियम 1932 की धारा 63 (1) के अंतर्गत, सर्वसाधारण को सूचित हो की भागीदारी फर्म एस. के. एस. डेव्हलपर्स में पूर्व में 4 भागीदार थे, जिसमे 30/03/2024 से निम्नलिखित परिवर्तन किये गये है। जिसके तहत एक भागीदार, श्री योगेश अग्रवाल, पिता नथमल अग्रवाल, फर्म से सेवानिवृत्त (रिटायर) हो गये है, व भागीदार श्रीमती मुन्नी सोनी, पति आनंद सोनी, श्रीमती गीता सोनी, पति कमल सोनी, श्रीमती ज्योति सोनी, पति गिरधारीलाल सोनी, फर्म में सम्मिलित हो रही है।

इस प्रकार दिनांक 30/03/2024 से हमारी फर्म में कुल 6 भागीदार है, जिनके नाम इस प्रकार है- आनंद सोनी, पिता श्री बृजमोहन सोनी, कमल सोनी, पिता श्री बृजमोहन सोनी, गिरधारीलाल सोनी, पिता श्री बृजमोहन सोनी व श्रीमती मुन्नी सोनी, पति आनंद सोनी, श्रीमती गीता सोनी, पति- कमल सोनी, श्रीमती ज्योति सोनी, गिरधारीलाल सोनी।

सभी सम्बंधित लोगो को सूचनार्थ पेपर प्रकाशित किया गया है।

**भवदीय**
**श्री आनंद सोनी,**
**एस.के.एस.डेव्हलपर्स,**
**श्री श्याम कृपा,**
**मारवाड़ी लाइन खपरगंज,**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

मैं संतोष साहू पिता लालजी साहू द्वारा भारतीय गैर न्यायिक स्टाम्प में (नोटरी शुदा) दिनांक 15/3/2024 को पंकज कुमार कुंभज पिता स्व. जीवन लाल उम्र -54 वर्ष निवासी हनु ट्रेडर के पीछे, सीपत रोड सरकंडा से वाटर फ़िल्टर प्लांट जो की अशोक नगर खमतराई में स्थित है से ख़रीदा गया था और उक्त प्लांट पंकज कुमार कुंभज ने स्वयं के जमीन पर होना बताया था और अनुबंध वाटर फ़िल्टर प्लांट के रकम के अतिरिक्त उक्त भूमि का प्रति माह किराया दस हजार रुपया 10,000/- निर्धारित कर मुझसे से हर माह किराया लेता रहा है किसी के द्वारा मेरे वाटर फ़िल्टर प्लांट मैं कपडे और चापड़ा से चिपका कर ताला लगा दिया गया है और बोल कर गये कि माइक्रो फाइनेंस व्यापार विहार स्थित कार्यालय आकर संपर्क करने को, मैंने कल पूरा दिन उक्त स्थल पर बैंक को बहुत ढूंढा मुझे इस तरह का बैंक और कर्मचारी नहीं मिला और न ही मुझे अपना कोई संपर्क नंबर दिया था मेरे वाटर प्लांट में चस्पा नोटिस की जगह सूचना लिख कर बैंक द्वारा दिए कर्ज के सम्बन्ध में न लिख कर उक्त जमीन के किराया प्राप्त नहीं होने की बात का उल्लेख कर सुचना चस्पा किया गया है, जिसमे किसी भी प्रकार से दिनांक, समय, जारीकर्ता का नाम, उसका पद नाम जारीकर्ता के हस्ताक्षर, कार्यालयीन पता के साथ किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं देना संदेह को जन्म देता है अतः आप सभी को सूचित किया जाता है कि जिस किसी भी व्यक्ति संस्था अथवा बैंक ने मेरे प्लांट पर सील लगया है इस सूचना के 3 दिनों के भीतर मुझसे दिए पते पर संपर्क कर मामले में अपना दावा प्रस्तुत करे / अन्यथा 3 दिवस पश्चात में ताला खोल कर अपना व्यवसाय करने के लिए स्वतंत्र रहूंगा।

**संतोष साहू / पिता - लालजी साहू**
**निवासी -बंधवा पारा सरकंडा बिलासपुर**
**मोबाइल नं. 9893379132**

**अहलूवालिया हॉस्पिटल**
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
• एलर्जी जॉच एवं इम्यूनोथेरेपी
• गले की लेजर सर्जरी
• खर्राटो का ईलाज

Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
• दांतों में ज्वेलरी लगाना
• बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

## खबर संक्षेप

### युवती से मारपीट कर मोबाइल तोड़ा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** निजी आफिस में काम करने वाली युवती के साथ मारपीट और मोबाइल तोड़ने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जुर्म दर्ज किया है। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक युवती निजी कार्यालय में आर्किटेक्ट है। युवती ने बताया है कि उसलापुर सागरदीप कालोनी निवासी सूर्यप्रताप सिंह पिता प्रकाश सिंह चंदेल 27 साल के साथ उसका प्रेम संबंध था। विगत 5 से 6 सालों तक दोनों मोबाइल में बातचीत कर चेटिंग करते थे। फरवरी माह से सूर्यप्रताप का किसी अन्य लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा है। जानकारी होने पर पीड़िता ने युवक से पूछा तो उसने इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर युवक 17 फरवरी को युवती के कार्यालय पहुंचा और मोबाइल का लॉक खोलकर मांगने लगा। मोबाइल देने से मना करने पर युवक ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा मोबाइल को जमीन में पटक कर तोड़ दिया और युवती के साथ हाथ के मुक्का से मारपीट करने लगा। हंगामे की आवाज सुनकर आफिस के मालिक ने बीच बचाव कर युवती को छुड़ाया है। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर सूर्यप्रताप सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 324, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चाकू दिखाकर अशांति फैलाने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू दिखाकर आने जाने वाले लोगों को डराने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस को सूचना मिली कि इमलीभाठा में एक युवक चाकू दिखाकर आने जाने वाले लोगों को डरा धकमा कर अशांति फैला रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर इमलीभाठा जोगी आवास निवासी भोला उर्फ तेजा सिंह ठाकुर पिता राम सिंह ठाकुर 35 साल को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। इसी तरह कोनी पुलिस ने तुर्काडीह में चाकू रखकर अशांति फैलाने वाले बनी कोनी निवासी दीपक पिल्ले पिता राजू पिल्ले 24 साल को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### सिगरेट देने से मना करने से युवक पर ब्लेड से हमला

**बिलासपुर।** सिगरेट देने से मना करने से एक युवक पर ब्लेड से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, सकरी निवासी कमल साहू पिता सतीश साहू 16 फरवरी को दोपहर 1.35 बजे अपने दोस्त अर्जुन यादव के साथ डबरीपारा में मोबाइल में गेम खेल रहे थे। इसी दौरान राहुल माखिजा आया और उनसे सिगरेट मांगने लगा। उन्होंने सिगरेट नहीं रखने की बात कही तो राहुल माखीजा गाली गलौज करते हुए ब्लेड से हमला कर दिया। रिपोर्ट लिखाने पर जान से मार देने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने कमल साहू की रिपोर्ट पर हमलावर युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### महुआ शराब बेचते पकड़ा गया कोचिया

**बिलासपुर।** शिवतराई बाजार में अवैध रूप से महुआ शराब बेचने वाले कोचिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 55 लीटर महुआ शराब जब्त की गई है। कोटा थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस सुमित कुमार को सूचना मिली कि शिवतराई के बाजार में एक कोचिया अवैध महुआ शराब बिक्री कर रहा है।

**शाम तक लगी रही वोटिंग के लिए भीड़** ❑ मस्तूरी क्षेत्र की 131 ग्राम पंचायतों में हुए चुनाव ❑ 70 फीसदी से अधिक हुआ मतदान

# पंचायत चुनावः गांवों में मतदान का छलका उत्साह, लगी रहीं लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में सोमवार को मस्तूरी ब्लाक में चुनाव हुआ। मस्तूरी ब्लॉक अंतर्गत जिला पंचायत के पांच निर्वाचन क्षेत्रों एवं एक जनपद पंचायत सहित 131 ग्राम पंचायतों के पंच-सरपंच के लिए मतदान हुआ। वहीं कई मतदान केन्द्रों में निर्धारित समय दोपहर 3 बजे के बाद भी शाम तक वोटिंग के लिए भीड़ लगी रही। पहले चरण में लगभग 70 फीसदी मतदान हुआ है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में आज मस्तूरी ब्लॉक में सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ। पंचायत चुनाव बैलेट पेपर और बैलेट बाक्स के माध्यम से चुनाव हुआ। इसमें मस्तूरी ब्लॉक अंतर्गत जिला पंचायत के पांच निर्वाचन क्षेत्रों एक जनपद पंचायत अंतर्गत 25 जनपद सदस्यों और 131 ग्राम पंचायतों के पंच-सरपंच पदों के लिए मतदान हुए। इस चुनाव में मस्तूरी क्षेत्र में 2 लाख 79 हजार मतदाता थे। इसमें सुबह 9 बजे तक लगभग 12 प्रतिशत मतदान हो गया था, उसके सुबह 11 बजे मतदान का प्रतिशत 23 से ऊपर चला गया। दोपहर में 1 बजे तक 38 फीसदी से अधिक मतदान हो गया था। मतदान के लिए दोपहर 3 बजे तक समय निर्धारित था, किन्तु बहुत से ग्रामीण मतदाता अंतिम-अंतिम समय में वोट डालने पहुंचे इसलिए कई मतदान केन्द्रों में निर्धारित समय से अधिक शाम तक मतदान चलता रहा। इस चुनाव में बड़ी संख्या में पुरुषों के साथ महिला मतदाताओं ने भी मतदान किया है और दिव्यांग एवं बुजुर्गो को व्हीलचेयर में लेकर मतदान करने लोग पहुंचे थे। पहले चरण में लगभग 70 फीसदी के आसपास मतदान होना बताया जा रहा है। मतदान के बाद मतदान दलों द्वारा पंच-सरपंच पदों के लिए प्राप्त वोटों की गिनती मतदान केन्द्रों में ही की गई और रात में ही मतदान दलों की वापसी भी मुख्यालय में होने लगी।



मतदान के लिए कतार में खड़ी महिलाएं।

### कलेक्टर व एसपी ने किया निरीक्षण

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में आज मस्तूरी क्षेत्र में मतदान हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण एवं पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने मस्तूरी के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने लावर, परसदा वेद, मस्तूरी सहित आधा दर्जन मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान केन्द्रों की व्यवस्था को देखा। उन्होंने डीएवी स्कूल परसदा में बनाए गए स्ट्रांग रूम पहुंचकर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, एसडीएम प्रवेश पैकरा, संयुक्त कलेक्टर एसएस दुबे भी मौजूद रहे। कलेक्टर व एसपी ने निरीक्षण दौरान मतदान शांतिपूर्ण कराने के निर्देश दिए। मतदान दलों से चर्चा कर मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। मतदाताओं को शांतिपूर्वक कतारबद्ध होकर मतदान करने कहा। मतदान के बाद केन्द्र पर ही मतगणना की गई।

गौरव पथ स्थित व्यस्त अमेरी चौक पर खराब हुआ था ट्रक

# ट्रैफिक सिग्नल पर धान से भरा ट्रक खराब ट्रैफिक जाम, पुलिस करती रही वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गौरव पथ स्थित अमेरी चौक के ट्रैफिक सिग्नल लाइट के पास रविवार की रात से एक धान के बोरों से लोड ट्रक खराब होकर खड़ा था, सोमवार की सुबह इस ट्रक को हटाया नहीं गया, नतीजा यह हुआ कि सुबह से इस चौक के आसपास ट्रैफिक जाम होना शुरू हो गया, लोग जाम में फंसकर हलाकान होने लगे, विडंबना यह है कि अमेरी चौक से कुछ ही दूर नर्मदा नगर चौक के पास ट्रैफिक पुलिस वाहन चेकिंग के नाम पर वसूली करती रही, परन्तु अमेरी चौक की व्यवस्था सुधारने कोई जवान नहीं पहुंचा।

■ व्यवस्था सुधारना छोड़ नर्मदा नगर चौक के पास वाहन चेकिंग में व्यस्त रहे पुलिसवाले

सुबह से रात तक अमेरी चौक पर ट्रैफिक का भारी दबाव रहता है। रविवार की देर रात मंगला चौक की ओर से धान लेकर महाराणा प्रताप चौक की ओर जा रहा ट्रक क्रमांक सीजी 07 सी, 2509 अमेरी चौक ट्रैफिक सिग्नल पाइंट में खराब होकर खड़ा हो गया, इस ट्रक को रात में सुधारा जाना था या चौराहे से हटाया जाना था, परन्तु ट्रैफिक पुलिस ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। चौराहे पर बिगड़ा ट्रक खड़ा होने से एक साइड ट्रैफिक जाम होने लगा और वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम में फंसकर लोगों को हलाकान होना पड़ रहा था। लोगों के द्वारा लगातार हार्न बजाने पर ट्रक का हेल्पर सड़क पर उतरकर व्यवस्था बनाते हुए एक एककर पीछे से आने वाले वाहनों को निकालने लगा। उसके बाद भी वाहनों की लंबी कतार लगी हुई थी।



गौरव पथ में जाम में फंसे वाहन, घंटों होते रहे लोग परेशान।



सिग्नल के पास खड़ा खराब ट्रक।



ट्रैफिक पुलिस करती रही चालान

**जानकारी नहीं है**

अमेरी चौक पर ट्रक खराब होने की जानकारी नहीं है। चुनाव होने के कारण बल चुनाव ड्यूटी में चला गया है। कुछ दूर वाहन चेकिंग चल रहा था तो अमला व्यवस्था बनाने क्यों नहीं गई। जानकारी ली जाएगी। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**-रामगोपाल करियारे,** एडीशनल एसपी ट्रैफिक

### अमला वसूली में व्यस्त

सोमवार की सुबह 11 बजे अमेरी चौक में लंबा ट्रैफिक जाम था और नर्मदा चौक के पास ट्रैफिक अमला सड़क किनारे गाड़ी लगाकर वाहन चेकिंग के बहाने दोपहिया वाहन सवारों को रोककर वसूली कर रहा था। लोग लंबा जाम में फंसकर हलाकान हो रहे थे और वसूली में व्यस्त एक भी ट्रैफिक पुलिसकर्मी व्यवस्था सुधारने चौक तक नहीं गया।

### रेड लाइट में बिगड़ी व्यवस्था

ट्रक खराब होने के बाद मंगला चौक से आने वाले मार्ग में वाहनों की कतार लग गई। दबाब अधिक होने पर आनन फानन में ट्रक का हेल्पर सड़क में उतकर एक साइड से गाड़ियों को निकालने लगा। वह रेड लाइट होने पर भी वाहनों को चौक के अंदर प्रवेश कराने लगा। जिससे चौक में ट्रैफिक व्यवस्था चरमा गई और वाहन सवार जाम में फंस जा रहे थे।





सिम्स के सामने रोजाना लगता है जाम।

## सड़क पर खड़े होते हैं आटो मरीज होते हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स की व्यवस्थाओं में सुधार हो रहा है, लेकिन यहां आने वाले मरीज और परिजनों को होने वाली दिक्कत की शुरूआत गेट के बाहर सड़क से ही शुरू हो जाती है। निगम और यातायात विभाग की कार्रवाई सुस्त पड़ते ही गुमटी और ठेले वालों की चांदी हो चुकी है। वहीं ईवी रिक्शा और आटो वालों ने सड़क के एक हिस्से में कब्जा जमा लिया है, जिसके चलते जाम की स्थिति निर्मित होती है।

■ सुबह 10 से 2 बजे के बीच निकलना मुश्किल

सिम्स के बाहर सड़क का हाल बेहाल है, एक साथ धनवंतरी, रेडक्रास और मेडिकल दुकान होने के साथ ही सिम्स के दो मुख्य द्वार इस सड़क पर खुलते है। हाल ही में व्यवस्थाओं को दुरूस्त करते हुए एमआरडी प्रवेश द्वारा बनाया गया है, जहां से होकर मरीज और परिजन सीधे एमआरडी में प्रवेश कर पर्ची कटाते हैं, लेकिन इस गेट पर आटो और ई रिक्शा चालकों का कब्जा हो चुका है। सुबह 11 से 2 बजे तक यहां से होकर गुजरना काफी चुनौतीपूर्ण रहता है। कई बार छोटी मोटी दुर्घटना भी होती है, लेकिन इन्हें हटाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं हैं। पहले यातायात विभाग की कार्रवाई होती थी, लेकिन पिछले माह से यह भी बंद हो चुकी है। वहीं सड़कों पर अवैध तरीके से ठेके और गुमटी लग रहे हैं, जिससे सड़क संकीर्ण हो जाती है, कई बार जाम की स्थिति में एम्बुलेंस को भी निकलने की जगह नहीं मिल रही है, ऐसे में मरीज और परिजन दोनों को ही परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### ननि ने रद्द की राजस्थान जलेबी दुकान की लीज

**बिलासपुर।** नगर निगम प्रशासन ने तेलीपारा में बस स्टैंड के करीब स्थित राजस्थान जलेबी दुकान की लीज रद्द कर दी है। करीब 4 करोड़ रुपए की लागत से 10 साल पहले बने इस फोरलेन रोड का मुख्य उद्देश्य लिंक रोड के यातायात को डायवर्ट करना और टेलीफोन एक्सचेंज रोड पर ट्रैफिक का दबाव कम करना था। निगम कमिश्नर अमित कुमार के अनुसार सामने की 66 दुकानें पहले ही हटाई जा चुकी हैं। अब केवल राजस्थान जलेबी की दुकान बची है। जिसके संचालक सीताराम मातोलिया ने हाईकोर्ट से स्टे ले रखा है। निगम प्रशासन अब हाईकोर्ट में स्टे वैकेट कराने की याचिका दायर करने जा रही है। स्टे हटते ही इमलीपारा रोड पूरी चौड़ाई के साथ श्यामाप्रसाद मुखर्जी चौक से जुड़ सकेगी।

### सिरगिट्टी क्षेत्र में दुकानों व बाइक चोरी करने वाले नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी क्षेत्र की दो दुकानों व एक मकान से बाइक चोरी करने वाले नाबालिग सहित दो युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया है। उनके पास से चोरी की बाइक सहित सामान जब्त किए गए हैं। पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 14 फरवरी की रात अभिलाषा परिसर निवासी रमेश कुमार वर्मा के काली मंदिर के पास स्थित सांई सुपर मार्केट की छत के टीन शेड व फालसिलिंग तोड़कर 10 हजार रुपए नकद व खाद्य सामान चोरी कर लिया गया था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर चोरो की पतासाजी में जुट गई थी। फुटेज के आधार पर टीआई नजनीश सिंह, रवि शर्मा एवं अन्य ने तिफरा बोरियापारा रेलवे पटरी किनारे में रहने वाल सकाल उर्फ मूहफर्रा, उर्फ संतोष पिता स्व. रामकुमार साहू 20 साल व एक नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने सुपर मार्केट के अलावा, 19 अक्टूबर 2024 को काली मंदिर के पास प्रांशु रामवलानी की दुकान व अभिलाषा परिसर से पकरिया पथरिया निवासी प्रियुष कुमार शर्मा की बाइक क्रमांक सीजी 10 एएच, 1466 चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की काजू किसमिस, बादाम, चाकलेट, कास्मेटिंक सामान,सेम्पू, बाइक सहित अन्य सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने नाबालिग सहित दोनो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।



## हरियाणा की शराब के साथ एक पकड़ा गया, जेल दाखिल

**बिलासपुर।** प्रदेश से बाहर की शराब शहर में खपाने के लिए घूम रहे एक रायगढ़ निवासी युवक को आबकारी विभाग ने धरदबोचा है। उसके पास से 10 लीटर हरियाणा की शराब जब्त की गई है। आबकारी विभाग ने आरोपी युवक को जेल दाखिल कर दिया है।

आबकारी आयुक्त नवनीत तिवारी के निर्देश पर आबकारी विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। हरियाणा की शराब लेकर बिलासपुर पहुंचे युवक को आबकारी विभाग की टीम ने रेलवे स्टेशन के बाहर घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता हासिल की है। युवक के पास से 10 लीटर हरियाणा स्टेट की शराब बरामद की गई है। आरोपी संदीप कुमार पिता सतबीर उम्र 30 वर्ष मूलतः भिवानी हरियाणा का रहने वाला है, जो वर्तमान में रायगढ़ जिले में निवासरत है। आबकारी विभाग की टीम को युवक के पास से 12 नग रेड लेबल और 2 नग बलेंडर्स प्राइड व्हिस्की बरामद हुई है। 10.5 लीटर हरियाणा की अंग्रेजी शराब मिलने के बाद आबकारी विभाग ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। खास बात यह है कि इस कार्रवाई में आबकारी को पुलिस की तरह ही मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसे जिला आबकारी अधिकारी समीर मिश्रा, आबकारी उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र शुक्ला, मुख्य आरक्षक जनकराम जगत, निरंजन दड़सेना, आरक्षक गौरव स्वर्णकार, सिद्धार्थ श्रीवास्तव के सहयोग से पकड़ा गया। आरोपी युवक को विभाग ने जेल भेज दिया है।





### फंसाने की धमकी 10 लाख की मांग, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** न्यायालयीन प्रकरण में फंसाने व जान से मारने देने की धमकी देकर एक व्यक्ति से 10 लाख रुपए की मांग की गई है। पुलिस ने धमकी देने वाले तीन लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, रायपुर लोधीपारा निवासी नितिन लारेंस ने रिपोर्ट लिखाई कि समाज के कुछ लोगों से समाजिक व मिशनरी की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। वहीं जमीन संबंधी मामला न्यायालय में चल रहा है। पिछले कुछ समय से उन्हें बिलासपुर जरहाभाठा मंदिर चौक निवासी मार्टिन, रायपुर राजा तालाब निवासी बीनू बेनेट, यशराज सिंह उनसे अवैध उगाही करने के लिए लंबे समय से परेशान कर रहे हैं। तीनों ने उन्हें न्यायालय में चल रहे जमीन संबंधी प्रकरण में फंसाने धमकी देकर 10 लाख रुपए की मांग की। रकम नहीं देने पर जान से मार देने की धमकी दी गई है। पुलिस ने श्री लारेंस की रिपोर्ट पर मार्टिन, बीनू बेनेट, यशराज सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 3, 5, 308, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बिजली बिल में गफलत, उपभोक्ता कर रहे शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली विभाग बिजली बिल जारी करने में काफी लापरवाही बरत रहा है, जिसका नुकसान उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि नेहरू नगर जोन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में पिछले दो माह का बिल एक साथ भेज दिया जा रहा है। कुदुदंड निवासी संजय जैन ने बताया कि वे हर माह बिजली बिल का भुगतान करते हैं, लेकिन बिजली विभाग द्वारा उनके भुगतान किए गए बिल पर पुनः बिल भेज दिया गया है। विभाग के मीटर रीडर द्वारा 16 फरवरी को स्पाट बिलिंग किया गया है, लेकिन इस बिल में दिसंबर माह की रीडिंग और भुगतान प्रदर्शित हो रही है, जबकि उपभोक्ता ने जनवरी माह में भी बिल का भुगतान किया है, ऐसे में उपभोक्ता के जनवरी माह का बिल प्रदर्शित नहीं होने के कारण बिल में त्रुटि की आशंका बनी हुई है। उपभोक्ता ने विभाग के साइट पर इसकी शिकायत की है लेकिन सुनवाई नहीं होने के कारण निराश होना पड़ रहा है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## स्टेशन में चल रहे कार्यों की जांच करने पहुंचे रेल अफसर

**बिलासपुर।** 492 करोड़ रुपए की लागत से बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट की तरह बनाने के लिए चल रहे कार्यों की डिवीजन के अधिकारियों ने जांच की, जिसमें एडीआरएम, सीनियर डीसीएम सहित अन्य अधिकारी और स्टाफ मौजूद थे। इस जांच के दौरान उन्होंने स्टेशन पहुंचकर यात्री सुविधाओं का जायजा भी लिया।

■ एडीआरएम, डीसीएम सहित अन्य अफसरों ने किया जोनल स्टेशन का निरीक्षण

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन को 492 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जा रहा है। इस कार्य की गति वर्तमान में थम गई है, जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। बिलासपुर डिवीजन के अनुसार स्टेशन के पुनर्विकास कार्य को तेजी से बढ़ाया जा रहा है, जिसमें यात्रियों की सुविधा को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। स्टेशन पुनर्विकास कार्य के कारण कुछ मौजूदा यात्री सुविधाओं को अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया गया है। इसके तहत नए स्टेशन भवन के निर्माण कार्य में गेट नम्बर तीन को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। 31 जनवरी से आरक्षण केन्द्र पीआरएस कार्यालय को अस्थायी रूप से स्काउट गाइड विंग में स्थानांतिरत करते हुए गेट नम्बर तीन पर संचालित होने वाले अनारक्षित टिकिट काउंटर को आरक्षण कार्यालय में शिफ्ट कया गया है। यात्रियों की टिकिटिंग सुविधा देने गेट नम्बर चार के पास दो एटीवीएम का प्रावधान देने के अलावा यात्रियों के आवागमन हेतु गेट नम्बर एक व दो पूरी तरह से खोलने के साथ ड्राप एंड गो की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। गेट नम्बर चार से भी यात्रियों का आवागमन सुचारू रूप से शुरु है।



